तापमान

अधिकतम 29.8 डिग्री

न्यूनतम 15.2 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 28 जनवरी 2026

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




मंगलवार को आईजी रामगोपाल गर्ग ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों और एसएसपी कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### जीवनदीप समिति की बैठक कल

**बिलासपुर।** जिला चिकित्सालय के जीवनदीप समिति की बैठक कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में 29 जनवरी को शाम 5 बजे से मातृ एवं शिशु अस्पताल के के सभाकक्ष में होगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

### कार पर स्टंट करते युवकों का वीडियो वायरल



**बिलासपुर।** सख्ती के बाद भी युवा शहर के प्रमुख मार्गो को बाधित कर स्टंटबाजी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। गणतंत्र दिवस पर जारी वीडियो में कहा गया है गांधी चौक से तोरवा, राजकिशोरनगर तक स्टंट करते हुए युवकों के द्वारा वीडियो बनाया गया है। मजेदारबात यह है इस दौरान पुलिस कहां थी, आखिरकार पुलिस को यह नजर क्यों नहीं आती है। केवल वीडियो वायरल होने के बाद कार्रवाई की जाती है। हाईकोर्ट के संख्ती के बावजूद स्टंटबाजी पर लगाम नहीं जा रहा है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने कहा है कि सोशल मीडिया में जारी वीडियो का अवलोकन कर युवकों की पहचान की जा रही है। स्टंट करने वाले युवकों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

### औषधालय सेवक निलंबित

**बिलासपुर।** कार्य स्थल से लंबे समय तक अनुपस्थित पाए जाने के आरोप में औषधालय सेवक को निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आयुष विभाग द्वारा संचालित स्पेशलिटी क्लिनिक सीएचसी बिल्हा में पदस्थ औषधालय सेवक कृष्ण कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया गया है।

# विकसित होगा उत्तरी टूरिज्म, बिलासपुर, कोरबा, लोरमी तक बनेगा पर्यटन कारिडोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर






बिलासपुर संभाग में जल्द ही उत्तरी टूरिज्म विकसित होगा। राज्य सरकार के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी इस पर काम कर रहे हैं। इसमें बिलासपुर के रतनपुर मंदिर से लेकर अचानकमार क्षेत्र, कोरबा के सतरेंगा, पेण्ड्रा से लगे अमरकंटक और रामसर साइट को इसमें जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही सरगुजा क्षेत्र के मैनपाट को भी इसमें शामिल किया जाएगा। यह एक पर्यटन कारिडोर होगा। इसकी घोषणा नगर विधायक और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने की है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मुताबिक इस बारे में जल्द ही सर्वे कराते हुए डीपीआर बनाया जाएगा।

नगर विधायक अमर अग्रवाल ने बताया कि बिलासपुर को उद्योग एवं पर्यटन की दृष्टि से प्राथमिकता में रखते हुए विकास की योजनाएं तैयार की जा रही हैं। इसी आधार पर पिछले दो वर्षों में सरकार द्वारा लगातार नए विकास कार्यों को स्वीकृति दी जा रही है। रतनपुर से केंवची वाली सड़क चौड़ीकरण की जा रही है, इसे अमरकंटक तक जोड़ा जा रहा है।



■ महामाया मंदिर, अमरकंटक, अचानकमार और सतरेंगा को जोड़ा जाएगा

### रतनुपर में बनेगा महामाया मंदिर कॉरिडोर

इसी तरह रतनपुर का महामाया मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तरह विकसित किया जाएगा। इसकी योजना केंद्रीय एजेंसी बना रही है। अयोध्या, काशी और महाकाल में जिस तरह से विकास के काम हुए हैं, उसी तरह 11वीं शताब्दी के महामाया मंदिर के लिए प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। मंदिर परिसर को केन्द्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना में शामिल भी किया गया है। श्री अग्रवाल के मुताबिक तनपुर का महामाया मंदिर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। 'हमारा लक्ष्य इस पवित्र स्थल को इस तरह से विकसित करना है कि इसके समृद्ध इतिहास का सम्मान हो और देश भर में इसकी छवि बढ़े।' पर्यटन को भी बढ़ावा मिले यह मकसद है। रतनपुर में ज्योति कक्ष,भागवत मंच, प्रार्थना स्थल,कार्यालय, संग्रहालय, श्रद्धालुओं की सुविधाएं के लिए होटल, दुकानें और कई पार्किंग क्षेत्रों के साथ सड़क और आने-जाने में सुविधाएं बढ़ेंगी।

### इन्फ्रास्ट्रक्चर पर रहेगा अधिक जोर

नगर विधायक अमर अग्रवाल ने बताया कि सबसे बड़ा शहर है और बढ़ते शहरीकरण को ध्यान में रखते हुए यहां संतुलित, समावेशी और योजनाबद्ध विकास जरुरी है। इसलिए क्षेत्र के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। सड़कें चौड़ीं होगी, ट्रांसपोर्ट पर अधिक ध्यान दिया जाएगा। ग्रीन बेल्ट पर भी काम होगा। उन्होंने बताया कि टूरिज्म कारिडोर बनेगा तो रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। गाइड ट्रेनिंग के साथ ही भर्ती होगी। इसके लिए आने वाला बजट भी अत्यंत महत्वपूर्ण होगा और इसके माध्यम से "विकसित छत्तीसगढ़" के साथ ही बिलासपुर के विकास की संकल्पना भी साकार होगी।

### एटीआर के सारसडोल परिवृत्त, परिसर कुडेरापानी में 25 को बाघ का शव मिला था

# आपसी संघर्ष से बाघ की मौत, शव के पांच दिन बाद मिलने से पेट्रोलिंग पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





अचानकमार टाईगर रिजर्व के सारसडोल स्थित कुडेरापानी में बाघ का शव मिलने के बाद वन विभाग में हड़कंप मच गया है, हालांकि प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट में आपसी संघर्ष से बाघ की मौत होने की बात सामने आई है। गौर करने वाली बात यह है कि करीब 5 दिन बाद वन विभाग को शव मिला है, ऐसे में वन विभाग के पेट्रोलिंग की पोल खोल रही है।

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार एटीआर अंतर्गत सारसडोल परिवृत्त, परिसर कुडेरापानी में पेट्रोलिंग के दौरान 25 जनवरी को बाघ का शव मिला था। वन विभाग ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकारण की मानक कार्यप्रणाली के तहत पशु चिकित्सकों की टीम ने 26 जनवरी को पोस्टमार्टम कराया । मृत बाघ के दांत, नखून, पंजे सहित सभी अंग सुरक्षित मिले। डाक्टरों ने बताया कि दो बाघों के आपसी संघर्ष के कारण ही नर बाघ की गर्दन की हड्डी टूटी है और उसकी मौत का कारण भी यही है। गर्दन के निचले हिस्से में नर बाघ के दांतों का निशान पाया गया है। नर बाघ की उम्र 2 साल के आसपास आंकी गई है लेकिन जानकारों के मुताबिक शव 5 से 6 दिन पुराना है, ऐसे में हर दिन जंगल में पेट्रोलिंग करने वाले वनकर्मचारियों को इसकी भनक कैसे नहीं लगी यह जांच का विषय है।

### मौके पर अधिकारियों को मिले नाखून

बाघों के आपसी द्वंद्व के कारण मौत होने की बात कही जा रही है। अधिकारियों ने नर बाघ की मौत के बाद मौके का निरीक्षण किया। जहां क्षेत्रीय संघर्ष के स्पष्ट संकेत मिले हैं, पौधों की टूटी हुई डालियां, बाघ के मल, खरोच तथा बाल मौजूद है। इसके साथ ही मृत बाघ के पंजों के नखूनों में बाघ के बाल भी मिले हैं। ट्रैप कैमरा और फील्ड ट्रैकिंग की मदद से संघर्षरत बाघ की पहचान की गई है। बाघ का पीएम करने के बाद शव परीक्षण समिति एवं पशु चिकित्सकों की उपस्थिति में शव दहन की गई है।

### बेहोशी में वन विभाग

वन विभाग के अधिकारी अक्सर यह दावा करते हैं कि अचानकमार में सब कुछ सही चल रहा है, लेकिन यह घटना इस बात का सबूत है कि चप्पे-चप्पे पर नजर रखने वाले बीट गार्ड और बीट प्रभारी को 5 दिन बाद बाघ का शव मिला है। ऐसे में ट्रैप कैमरे की निगरानी और वन विभाग के अधिकारियों की मुस्तैदी की पोल खुल चुकी है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि पीएम में प्रारंभिक जानकारी मिली है, लेकिन शव कितने दिन पुराना है कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन जानकारी के अनुसार बाघ का शव 5 दिन तक मौके पर ही था।

### एनटीसीए के अफसर रहे मौजूद

बाघ की मौत के बाद वन विभाग में हड़कंप मच गया, इसकी तत्काल रिपोर्टिंग आला अधिकारियों को दी गई। शव के परीक्षण और शव पीएम के लिए एनटीसीए के अधिकारी उपेन्द्र दुबे, मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक व एनजीओ सदस्य मंसुर खान, पशु चिकित्सक डा. पीके चंदन, उप संचालक मुंगेली डा. आरएम त्रिपाठी पशु चिकित्सक दल में शामिल रहे। वहीं मुख्य वनसंरक्षण एटीआर अभिषेक कुमार सिंह, डीएफओ यू आर गणेश, एसडीओ संजय लूथर, समीर जोनाथन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### न्यूनतम पारा 15 डिग्री, दिन होने लगा गरम

**बिलासपुर।** मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। मंगलवार को ठंड आमदिनों की तुलना में काफी कम रही, इस दौरान न्यूनतम तापमान 15 डिग्री पहुंच गया।

वहीं सुबह से ही आसमान पर बादल नजर आए। ठंडी अब जल्द ही अलविदा हो जाएगी, सुबह और रात के समय ही ठंड लग रही है और दिन में बिना गर्म कपड़े के काम चल रहा है। धूप भी धीरे-धीरे ही सही तेज होने लगी है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 29.7 रहा, साथ ही न्यूनतम तापमान 15.2 आंका गया। बताया जा रहा है कि पश्चिमी विक्षोभ का असर बना हुआ है, जिसके चलते आसमान पर बादल छा रहे है, हालांकि बिलासपुर को छोड़ उत्तरी छत्तीसगढ़ के कहीं-कहीं पर बुंदाबांदी होने के आसार है।






### जिले के चार शिक्षक राज्यपाल से सम्मानित



**बिलासपुर।** रायपुर स्थित लोकभवन, सिविल लाइन में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका ने "छत्तीसगढ़ के वीर" (ब्रेल पुस्तक) का विमोचन किया । इस अवसर पर इस पुनीत कार्य में सहयोग देने वाले शिक्षकों को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। इस अभियान में शिक्षिका प्रीति शांडिल्य का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। इससे पूर्व सुश्री के. शारदा एवं प्रीति शांडिल्य द्वारा संयुक्त रूप से ब्रेल पुस्तक का निर्माण कर छत्तीसगढ़ के 20 ब्रेल स्कूलों को 100–100 प्रतियां स्वयं के व्यय पर निःशुल्क उपलब्ध कराई गई थीं। राज्य के विभिन्न जिलों के उत्कृष्ट शिक्षकों का समूह बनाकर इस ऑडियो बुक का निर्माण किया गया इसमें तीस शिक्षकों में बिलासपुर जिले से चार शिक्षक शांति सोनी व्याख्याता शा. उ. मा. शाला, महमंद, सुश्री चानी ऐरी शिक्षक शा.पूर्व माध्यमिक शाला,पंधी , अमरदीप भोगल सहा. शि., शा. प्रा. शाला जांजी व सुशील पटेल व्याख्याता, शाउमावि. मिट्ठूनवागांव ये चारों शिक्षक राज्यपाल रमेन डेका ने सम्मानित किया ।

### आत्मानंद स्कूल बंद : नाराज़ हुए महंत व टीएस



**बिलासपुर।** प्रदेश सरकार ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के नर्सरी केजी कक्षाओं को बंद करने का निर्णय लिया है जिससे मासूम बच्चों के हाँथों से कॉपी पेंसिल छीन लिया है और शिक्षकों को भी नौकरी से बाहर करने का नोटिस दे दिया है। सरकार अब छत्तीसगढ़ के मासूम बच्चों और बे कसूर शिक्षकों के साथ बदले की भावना का व्यवहार कर रही है। शिक्षकों का एक दल बिलासपुर में पूर्व विधायक शैलेश पांडेय से मिला और उनके साथ प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर अपनी पीड़ा उनकी सामने रखी। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव से मिले और अपनी समस्या को रखा। शिक्षकों के दल में कोमल ठाकुर, स्वीटी तिवारी, अमृता सिंह, पूजा जांगड़े, प्रतीक्षा राही, निशा बंजारे, सहोदरा जायसवाल, पुष्पा दुबे शामिल थीं।





आप सभी क्षेत्र वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
राजेश त्रिवेदी
प्रदेश कार्य समिति सदस्य
BJP


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
श्री परमानंद साहू
अध्यक्ष
नगर पंचायत सरगांव, जिला - मुंगेली


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
26 January
श्री भेखचंद साहू
श्री गोविंद साहू


आप सभी क्षेत्र वासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
LIC
CM Club MemBer MDRD
MO- 9229459706
7000104700
नेहरू साहू
जिला अध्यक्ष
व्यापार प्रकोष्ठ, जिला - मुंगेली


श्रीमती
कुंती लोचन निषाद
सरपंच
श्री संजीव नेताम
REPUBLIC DAY
नाना सिंह निषाद
उपसरपंच
श्री रामेश्वर साहू
सचिव


आप सभी क्षेत्र वासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
श्रीमती अंबालिका साहू
सभापति
जिला पंचायत मुंगेली


26
JANUARY
गणतंत्र दिवस
रिज़वान हक
प्रदेश संयोजक भाजपा किसान मोर्चा (छ.ग.)
जनपद सदस्य सांवा, पथरिया
श्री संतोष नेताम


आप सभी क्षेत्र वासियों को
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
कैलाश सिंह ठाकुर
जिला महामंत्री मुंगेली


अनिल राजपूत
सरपंच
ग्राम पंचायत विदबिदा


आप सभी क्षेत्र वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
बिल्हा सहकारी विपणन संस्था
मर्यादित सरगांव
पंजीयन कमांक 21/68
श्री मिथलेश साहू
प्राधिकृत अधिकारी
श्री महावीर कौशिक
प्रभारी प्रबंधक


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मनीष साहू
सभापति
जनपद पथरिया जिला - मुंगेली


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सुन्दर साहू
जनपद सदस्य प्रतिनिधि
चमेली सुन्दर साहू
जनपद सदस्य


प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
शैलेन्द्र साहू
पार्षद
वार्ड क्र. 01 खपरी, न. पं. सरगांव


आप सभी क्षेत्र वासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
26
JANUARY
भागवत यादव
(लल्ला)


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
निखिल कौशिक
कौशिक हार्डवेयर सरगांव


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
विकास साहू
विकास मेडिकल
न. पं. सरगांव
संजय यादव
प्राची डेयरी
एण्ड डेली निड्स
मेन रोड बस स्टैण्ड न.पं.सरगांव
मो.: 6261357692
26th JANUARY
REPUBLIC DAY
जितेन्द्र यादव


आप सभी क्षेत्र वासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
गुलाबचंद अग्रवाल
(टोपू)


दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।


मुख्यमंत्री का स्वागत करते प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार, स्थानीय संपादक प्रवीण शुक्ला।

## महतारी वंदन में जुड़ेंगी नई महिलाएं

# बिलासपुर के विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं होगी : साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि महतारी वंदन योजना में नई पात्र महिलाओं को जोड़ा जाएगा जिससे अधिक से अधिक लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके। सीएम श्री साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना माताओं और बहनों के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से सार्थक संवाद में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं परिवार, समाज और राज्य की प्रगति में अहम भूमिका निभाती हैं और उनका सशक्तिकरण ही एक सशक्त प्रदेश की नींव है। जिन नवविवाहित महिलाओं की पात्रता बनती है, उन्हें भी जल्द महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा।

साथ ही उन्होंने कहा कि बिलासपुर के विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं होगी और इसके लिए 10 हजार करोड़ रुपए की अलग से योजनाएं बनाईं गईं हैं। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पर्यटन सब शामिल हैं। सीएम श्री साय ने यह घोषणा हरिभूमि के सार्थक संवाद कार्यक्रम के दौरान की।

सीएम साय ने कहा, छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है. इसको ध्यान में रखते हुए शहरों का विकास जरुरी है। शहर साफ और विकसित हो इसके लिए जो भी काम होने चाहिए वो किए जाएं। नई महिलाओं को जोड़ जाएगा। महतारी वंदन योजना के बारे में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि इस बारे में नए सिरे से सर्वे भी कराया जाएगा। जो भी युवतियां 18 साल की हो गईं होंगी और पात्रता की श्रेणी में होंगी उन्हें इस महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जाएगा। जिससे की अधिक से अधिक लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके। उन्होंने कहा कि अभी तक 23 किश्तों में 70-70 लाख से अधिक महिलाओं को 15 हजार करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

### मुख्यमंत्री ने किया विशिष्टजनों का सम्मान

देवकीनंदन दीक्षित सभागार में आयोजित सार्थक संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर शहर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय, महापौर पूजा विधानी, भाजपा की प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष रजनीश सिंह, कांग्रेस नेता विजय केशरवानी, राजेन्द्र शुक्ला, सिद्धांशु मिश्रा, विजय पाण्डेय मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने शहर के प्रमुख चिकित्सकों, शिक्षाविदों एवं अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट सेवा देने वालों का सम्मान किया।


मेयर श्रीमती पूजा विधानी को स्मृति चिन्ह भेंट करते स्थानीय संपादक।


मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्वागत करते हुए भूपेन्द्र सवन्नी, रजनीश सिंह, राजा पाण्डेय एवं हर्षिता पाण्डेय।


डॉ. श्रीकांत गिरी का किया गया सम्मान।


डॉ. रामकृष्ण कश्यप का किया गया सम्मान।


डॉ. आशीष मुंदड़ा किए गए सम्मानित।


हरिभूमि आईएनएच की ओर से कलेक्टर को भेंट किया गया स्मृति चिन्ह।


मुख्यमंत्री से सम्मान प्राप्त करते डॉ. कमलेश मौर्य।


कार्यक्रम में महेन्द्र वर्मा का किया गया सम्मान।



सार्थक संवाद 2026 में राज्य के 25 बरस के सफर पर विचार मंथन में शहर के जनप्रतिनिधि एवं विशिष्टजन सहित बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।


मुख्य अतिथि से सम्मान प्राप्त करते राजकुमार पत्रवाणी।




डॉ. सीवी रमन यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार अरविंद तिवारी, सत्या ग्रुप के डायरेक्टर प्रमोद खेड़िया, एसएसपी रजनेश सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करते महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार।


मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान ग्रहण करते डॉ. सचिन यादव।



बीएनआई के प्रमुख डॉ. किरण पाल चावला, प्रदेश सराफा एसोशिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी को स्मृति चिन्ह भेंट करते स्थानीय संपादक प्रवीण शुक्ला।


आधारशिला के डायरेक्टर जेनास्वामी, प्रिंसिपल श्रीमती मधुलिका का किया गया सम्मान

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी केंद्र में फहराया गया तिरंगा



**मल्हार।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सेवा सहकारी समिति मल्हार के धान खरीदी केंद्र में प्राधिकृत अधिकारी रंजीत सिंह झंडा फहराया। समारोह में पूरे परिसर में देशभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में राष्ट्रगान का सामूहिक वाचन हुआ, जिसमें समिति के सभी स्टाफ एंव किसानो ने पूरे श्रद्धा से भाग लिया। इस अवसर पर सेवा सहकारी समिति मर्यादित प्रबंधक तेज बहादुर सिंह, सुपरवाइजर विंद्रा प्रसाद, सहायक प्रभारी अजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर आशीष चंद्राकर, प्रखर सिंह, विक्रेता आशीष सिंह, मोहन यादव, आरती, राजू राय, अनिल सिंह, पवन सिंह, राजेंद्र सिह कुमार, रवि सिंह, राजेंद्र कुर्रे, सनत सिंह, भूरु केवट, रवि शंकर, सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### मोहतरा तेली में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



**लोरमी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहतरा तेली में 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई, इसके बाद ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान और राजकीय गीत गाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक-शिक्षक ने विद्यार्थियों को संविधान के मूल्यों, एकता, अखंडता और अनुशासन का पालन करने की प्रेरणा दी। इसके कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की शपथ ली।

### कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी की मूर्ति पर किया माल्यार्पण

**लोरमी।** कांग्रेस पदाधिकारियों ने कार्यालय से पदयात्रा करते हुए महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



इस दौरान लल्ला सिंह ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष, खुशबू आदित्य वैष्णव, नितेश पाठक, प्रदीप दुबे, परमेश्वर गुप्ता, हेमिन मंगेसकर, बजरंग बंजारा, शशांक वैष्णव पार्षद, स्वाति सिंग, बिंदु यादव, कृष्णा सोनी, गणेश राजपूत, लोचन राजपूत, भावेश शर्मा, छेदी जायसवाल, पूरण सेन, संदीप वैष्णव, लोमश, दिलीप यादव, शेष शाहू, अकरम खान, नांद्रे पेंटर, मोनू गोस्वामी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### भालूखोंदरा में तिवारी ने फहराया तिरंगा

**लोरमी।** ग्राम भालूखोंदरा में आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा छत्तीसगढ़ भारत तथा छत्तीसगढ़ किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मंडी उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने भारत के 77वें गणतंत्र दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि सेवा सहकारी समिति, उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक एवं उमा विद्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच, पूर्व सरपंच, उपसरपंच, पंच, सचिव, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष, सहकारी समिति के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारी विद्यालय के प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक, छात्र-छात्राओं सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।



### संविधान की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारीः त्रिलोक



**बिलासपुर।** हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित और व्यापक संविधान है, जिसमें इस देश के समस्त नागरिकों के अधिकार, कर्तव्य और उनके हित की रक्षा करना निहित है। संविधान हमारा अभिमान है, और इसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। महापुरुषों ने जिस बलिदान से हमें यह आजादी दिलवाई और जिस प्रकार हमारा देश गणतंत्र बना वह एक-एक व्यक्ति को हमेशा याद रखना चाहिए। यह बातें कांग्रेस नेता त्रिलोकचंद्र श्रीवास ने बेलतरा विस क्षेत्र के ग्राम बैमा नगोई में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। इस अवसर पर ग्राम के फतेलाल सूर्यवंशी, अशोक शास्त्री, संजय पांडे, कांग्रेस नेता आयुष सिंह, राज कौशल श्रीवास्तव, लोक प्रकाश दिवाकर, सुरेश लश्कर, हेमलाल यादव, रामचंद्र यादव, सतीश श्रीवास, प्राचार्य श्री कश्यप, माखन धुरी सहित जनप्रतिनिधि एवं हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## राष्ट्रप्रेम को जीवन का आधार बनाना आवश्यक: धर्मजीत

# संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



शासकीय कन्या उमा विद्यालय तखतपुर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर धर्मजीत सिंह ने कहा कि, भारत का संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा है, जो हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है।

उन्होंने कहा कि, आज की छात्राएं ही कल के भारत का नेतृत्व करेंगी, इसलिए शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम को जीवन का आधार बनाना आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से लक्ष्य निर्धारण कर निरंतर परिश्रम के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। श्री सिंह ने कहा कि, वे शिक्षा के लिए विशेष प्रयास कर रहे हैं, ताकि इस क्षेत्र के बच्चों को अच्छी और रोजगारपरक शिक्षा यहीं मिल सके। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों और छात्राओं को विधानसभा की कार्यवाही देखने के लिए भी आमंत्रित किया। विद्यालय परिवार ने शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर विधायक को सम्मानित किया। स्वागत भाषण प्राचार्य नरेंद्र राजपूत ने दिया एवं कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन व्याख्याता जितेंद्र शुक्ला ने किया। विद्यालय के छात्रों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई, जिसमें विधायक धर्मजीत ने छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें नकद राशि देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान अन्य अतिथियों के रूप में मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू, दिनेश राजपूत, कृष्ण कुमार साहू, अमित मंदानी, गुलजीत खुराना, वंदना सिंह, शिप्रा सैमुएल, अमरिका साहू, रजनी देवांगन, मालती यादव, ईश्वर देवांगन, दिलीप तोलानी, प्रमोद ठाकुर, श्याम रामानंदी, मीना सिंह, लक्ष्मी पांडे, जुनैद जिन्दरान, तबस्सुम जिन्दरान, प्रतिभा देवांगन, राकेश तिवारी, रश्मि मिश्रा, बलिराम सूर्यवंशी, मिनाज खान, मीनाक्षी शर्मा, आमोद इक्का, कामिनी गुप्ता, अंकित विश्वकर्मा, पारुल यादव, स्वीटी सिंह, दिव्या पांडे, मीनाक्षी बनर्जी, गिरधारी वैष्णव, मयंक यादव, रामसहाय पाठक, हीरा दास मेरसा, सलीम बंजारे, अहिल्या ध्रुव, अंजनी साहू, करुणा ध्रुव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मस्तूरी के स्कूलों में गणतंत्र पर्व की धूम

**मस्तूरी।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर मस्तूरी विधानसभा के ग्राम पंधी, देवरी और रांक में देशभक्ति का जबरदस्त माहौल देखने को मिला। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चंद्र प्रकाश सूर्या ने इन गांवों के विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर तिरंगा फहराया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जिससे पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पंधी में भव्य कार्यक्रम हुआ, वहीं ग्राम देवरी में मिडिल स्कूल, प्राइमरी स्कूल और सरस्वती शिशु मंदिर के संयुक्त तत्वाधान में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मुख्य अतिथि चंद्र प्रकाश सूर्या ने बच्चों को संबोधित करते हुए संविधान के महत्व और शिक्षा की शक्ति के बारे में बताया। ग्राम रांक के मिडिल और प्राइमरी स्कूल में भी तिरंगा फहराया गया। यहां उपासना और उनके साथियों ने देशप्रेम से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य हेमलता वर्मा, प्राचार्य गौराहा, प्रीति पांडे के साथ व्याख्याता राजेंद्र कुमार साहू, धर्मेंद्र बंजारे और जितेंद्र साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिक्षकों में प्रीति मिश्रा, पायल पाण्डेय, रीता साहू, राव मैडम, परमेश्वर यादव, पारुल शुक्ला और सुनीता पटेल भी सक्रिय रहीं। इस दौरान एसएमडीसी के अध्यक्ष राधेश्याम मिश्रा, जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू, सरपंच विक्रम प्रताप सिंह सूर्यवंशी, सरपंच विरेन साहू, सरपंच रूबी रात्रे, और प्रदीप राठौर जैसे गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। युवाओं की टोली ने संभाली कमान आयोजन में गांव के युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



## जपं कार्यालय सहित अन्य स्थलों पर ध्वजारोहण

**मस्तूरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्थानीय जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में जनपद अध्यक्ष सरस्वती देवी बिंझवार ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर सीईओ जेआर भगत, आरईएस एसडीओ अमित बंजारे, कार्यक्रम अधिकारी रुचि विश्वकर्मा, जनपद सदस्य देवेंद्र कृष्णन्न, महेश्वर कुर्रे सहित उपस्थित जन प्रतिनिधि एवं स्टाफ ने राष्ट्रगान कर ध्वज को सलामी दी। इसी तरह राजीव गांधी शिक्षा मिशन स्त्रोत केंद्र एवं विखं शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा विभाग के पदेन अध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में जनपद पंचायत अध्यक्ष सरस्वती देवी बिंझवार ने झंडा फहराया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के अलावा बीईओ शिवराम टंडन, बीआर सी सूरज सिंह क्षत्री, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एके आहिरे, जनपद सदस्य देवेंद्र कृष्णन्न, महेश्वर कुर्रे सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। थाना, सहकारी बैंक व सीएचसी में ध्वजारोहण- स्थानीय पुलिस थाना परिसर में उप निरीक्षक सुजान जगत ने ध्वजारोहण कर उपस्थित स्टाफ के साथ ध्वज को सलामी दी। इसी प्रकार स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में बीएमओ अनिल कुमार ने झंडा फहराया एवं उपस्थित स्टाफ राष्ट्रगान कर ध्वज को सलामी दिए। स्थानीय जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा परिसर में शाखा प्रबंधक सुशील पनोरे ने ध्वजारोहण किया उपस्थित स्टाफ राष्ट्रगान कर ध्वज को सलामी दी।



## क्षेत्र के स्कूलों में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**मल्हार।** देशभक्ति व उत्साह के साथ 77वें गणतंत्र दिवस को शैक्षणिक संस्थाओं व शासकीय कार्यालयों में सोमवार को मनाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी, वहीं पुलिस के जवानों ने तिरंगे झंडे को सलामी देकर झंडा फहराया।

नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारतमाता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर तिरंगा फहराया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुशील चौबे, कमलेश सिंह गोलू, धनेश्वर कैवर्त, सभापति मिलु राम कैवर्त, पीयूष पाटले, आशुतोष वर्मा, सपना यादव, प्रमोद थवाईत, मिथून यादव, मनराखन कैवर्त, आशा कैवर्त, चंदू कैवर्त, सुजीत राजभानु, विष्णु केवट, जगदीश राय, रामफल कांत, रंजन साहू, पूर्व अध्यक्ष अनिल केवट, दिलीप पांडेय, रवि तिवारी, राजू तिवारी, रामनारायण कश्यप, अवध प्रजापति, जदुनंदन वर्मा, सीताराम मरावी, भानु कैवर्त, मिथलेश श्रीवास सहित नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी, स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कमांडो व नागरिकों की उपस्थिति रही।



**शासकीय उमा विद्यालय में नपं अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण-** शासकीय उमा विद्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त, उपाध्यक्ष सुशील चौबे, शाला विकास समिति अध्यक्ष बाबा गुप्ता व प्राचार्य वेद प्रकाश शुक्ला ने संयुक्त रूप से झंडा फहराया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों के अलावा सभी शिक्षकों के साथ ही बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए खूब वाहवाही बटोरी।

**बिलासा देवी संस्कृत विद्यालय-** बिलासा देवी संस्कृत विद्यालय में रामहरि कैवर्त ने झंडा फहराया, इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने भारतमाता, छत्तीसगढ़ महतारी व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के वेश में प्रभात फेरी में शामिल हुए, कार्यक्रम में दुखीराम कैवर्त, जतन कैवर्त सहित स्टाफ के शिक्षक व बच्चे उपस्थित थे।

शासकीय मिडिल व प्रायमरी स्कूल- शासकीय उमा विद्यालय में केंवट पारा में नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त ने झंडा फहराया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के सदस्यों के अलावा प्रधानपाठक जगदीश साहू, सहित स्टाफ के सभी उपस्थित थे।

**मध्यनगरीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-** मध्यनगरीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संस्था के उपाध्यक्ष मोहितराम देवांगन ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अवधेश नापित, हीरा निर्मलकर, प्रदीप वैष्णव, करुणेश नापित सहित सभी शिक्षकों की उपस्थिति रही।

**शासकीय उमा विद्यालय बूढ़ीखार-** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बूढ़ीखार में जिला पंचायत सदस्य सतकली बावरे ने भारतमाता व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र में माल्यार्पण के बाद झंडा फहराया। जिसके बाद स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की एक से बढ़कर प्रस्तुतियां दी, कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य कांशीराम रजक सहित स्टाफ के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

**तक्षशिला उमा विद्यालय जोन्धरा-** तक्षशिला उमा विद्यालय जोन्धरा में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य माधुरी उत्तरा रात्रे ने झंडा फहराया। कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य सुनहर चंदेल, राजकुमार चंदेल, नेतराम प्रजापति, संजय तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व नागरिक उपस्थित रहे। इसी तरह मां डिडनेश्वरी मॉडल व टाइम्स नाउ एजुकेशन वर्ड स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, पुलिस चौकी, बालक छात्रावास, सरस्वती शिशु मंदिर, पोस्ट आफिस, बैंक आफ महाराष्ट्र, विश्राम गृह सहित सभी शासकीय कार्यालयों में झंडा फहराया गया।

### क्षेत्र के शासकीय संस्थानों में शान से लहराया तिरंगा



**लोरमी।** क्षेत्र एवं नगर के विभिन्न शासकीय संस्थानों में 77वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया गया। नगर पालिका में अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने ध्वजारोहण किया। कन्या शाला में गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री विनय साहू मौजूद रहे। विनय साहू ने कहा, देश की आजादी व निर्माण के लिए अनेक महापुरुषों ने योगदान दिया है। हमारे वीरों ने राष्ट्र की रक्षा में प्राणों की आहुति दी है। सभी महापुरुषों और वीरों को मैं कोटि-कोटि नमन करता हूं। कार्यक्रम का संचालन शरद उपाध्याय ने किया एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य राघवेंद्र सोनी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुजीत वर्मा ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष भाजपा दिनेश साहू, डॉ अशोक जायसवाल उपाध्यक्ष नगर पालिका, राकेश दुबे, राजेंद्र सलूजा, अशोक साहू, सोहन डड़सेना पार्षद, जगदीश सोनी, विनोद सिंह राजपूत, नंदकुमार दास वैष्णव, प्रमोद चतुर्वेदी, अरविंद मिश्रा, बाबूराम साहू, रघुराज कुलमित्र, कोमल गुप्ता, अमित गुप्ता, पुरषोत्तम राजपूत, राजेश खाडे, रजनी राठौर, युवन राजपूत, भारती साहू, आरती देवांगन, निहारिका कश्यप, मोनिका सिंह, ऋषभ त्रिपाठी, त्रिवेणी धुर्वे, अशोक ध्रुव, नीलू शर्मा, लंकेस्वरी बैगा, अमन कुलमित्र, दुर्गेश श्रीवास सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ, अभिवावक व छात्राएं उपस्थित रहीं।

## बाल भारती स्कूल में पर देशभक्ति की लहर



**सीपत।** बाल भारती पब्लिक स्कूल में 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पण से हुआ। इसके उपरांत ध्वजारोहण किया गया तथा सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने गर्व और सम्मान के साथ राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया। विद्यालय के प्राचार्य शलभ निगम ने कहा कि, हमारा संविधान हमारी शक्ति है और प्रत्येक विद्यार्थी का यह कर्तव्य है कि वह इस शक्ति को अपने कर्मों में जीवंत बनाए। देशभक्ति केवल भावनाओं तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह हमारे कार्यों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होनी चाहिए। इसी क्रम में प्राचार्य ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ विद्यार्थियों में निहित विभिन्न कौशलों पर भी प्रकाश डाला, जिससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का उत्साह और अधिक बढ़ गया। कार्यक्रम का मंच संचालन अनय अत्तलस, शनाया पटेल, सांची सिंह एवं अक्षित शर्मा किया, जिससे संपूर्ण कार्यक्रम की गरिमा बनी रही।

### संस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखी देशभक्ति

विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। अद्विका सत्यकाम एवं ऋतिका चौधरी ने अंग्रेजी भाषण प्रस्तुत किया। कक्षा दूसरी के नन्हें विद्यार्थी काव्या कुमारी, आव्याश्री एवं ऋषभ टंडन की मधुर आवाज और स्पष्ट उच्चारण से किया गया कविता वाचन सभी को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर गया। इसके पश्चात अर्शिता ताम्रकार ने अपना हिंदी भाषण अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। समारोह का सबसे आकर्षक एवं स्मरणीय क्षण विद्यालय के म्यूजिकल बैंड 'द ग्रूव मेकर्स' द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति समूह गीत रहा, जिसने संपूर्ण वातावरण को राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत कर दिया। उपस्थित श्रोताओं ने जोरदार तालियों के साथ इस प्रस्तुति की सराहना की।

### डीएवी स्कूल में मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस




**मस्तूरी।** डीएवीपब्लिक स्कूल वेद परसदा में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, देशभक्ति एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच संतोष डोंगरे ने ध्वजारोहण किया। उप सरपंच नरसिंह नाथ पटेल, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता संतोष निणेजक, प्राचार्य श्वेता श्रीवास्तव सहित उपस्थित स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगान कर ध्वज को सलामी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र भी उपस्थित रहे, जिनकी सहभागिता से कार्यक्रम और अधिक प्रेरणादायक एवं स्मरणीय बन गया। समारोह के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को संविधान, राष्ट्रप्रेम, अनुशासन एवं शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संविधान के प्रति निष्ठा बनाए रखने तथा देश के विकास में सक्रिय योगदान देने के संकल्प के साथ किया गया।

### सूरजमल स्कूल में मना गणतंत्र दिवस

**बिल्हा।** सूरजमल उमा विद्यालय बिल्हा में गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण के बाद छात्रों ने पीटी का प्रदर्शन किया। इसके बाद रैली निकाली गई। रैली के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य संगीता कुशवाहा, मुख्य अतिथि पुनीता डहरिया एवं विशिष्ट अतिथि गुरुबचन सवन्नी के द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्था के छात्र-छात्राओं ने अतिथियों एवं नागरिकों का स्वागत कर देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर एसएमडीसी के सदस्य एवं अधिवक्ता रामनाथ वर्मा ने छात्रों को संबोधित किया। विद्यालय की प्राचार्य संगीता कुशवाहा ने छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा की अच्छे से तैयारी करने के लिए प्रेरित किया एवं परीक्षा में अच्छे परिणाम के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं एसएमडीसी की अध्यक्ष पुनीता डहरिया ने छात्र-छात्राओं को अपने उद्बोधन में एक अच्छा नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। आभार प्रदर्शन संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता सुरेश जाधव ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता गीता शंकर उपाध्याय एवं सहायक शिक्षक भूपेंद्र सामनानी ने किया। संस्था की वरिष्ठ व्याख्याता निशा सोंधिया ने कार्यक्रम को माला के रूप में पिरोने का कार्य किया। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट, मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विगत दिनों बाल सखा सामान्य ज्ञान परीक्षा में विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र सतीश कुमार नायक को बाल सखा के सदस्य महेश माखीजा, बजरंग अग्रवाल, नानक मिहानी, अशोक मंगवानी, संतोष यादव ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## स्वास्थ्य केंद्र को नगर में रखने कांग्रेस का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

# सरकार को लोगों की परेशानियों से कोई लेना-देना नहीं: आशीष




हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर को नगर में ही रखे जाने को लेकर ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस के नेतृत्व में गांधी चौक के पास धरना प्रदर्शन कर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता आशीष सिंह ठाकुर ने कहा कि, कांग्रेस सरकार की मंशा थी कि, नगर के स्वास्थ्य सुविधा में विस्तार हो। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी चिकित्सा सुविधा मिले, इस उद्देश्य को लेकर लिदरी में नवीन स्वास्थ्य केंद्र खोलने के लिए भवन बनवाया गया। लेकिन भाजपा की सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में सजग नहीं है, और उन्हें लोगों की परेशानियों से कोई लेना-देना नहीं है। नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि तखतपुर एक आसपास के क्षेत्र का मुख्य केंद्र है। प्रतिदिन लोग यहां पर दैनिक कार्यो लेकर पहुंचते हैं। यह स्वास्थ्य केंद्र प्रमुख हैं, जिसमें गर्भवती महिलाएं प्रसव के लिए किसी भी समय नगर में स्वास्थ्य केंद्र होने से पहुंच सकती हैं, परंतु इसका स्थानांतरण 6 किलोमीटर दूर कर दिए जाने से भारी परेशानी होगी। प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने रैली निकाल कर एसडीएम कार्यालय पहुंचें, और नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक पांडेय एवं आभार प्रदर्शन नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शैलेंद्र निर्मलकर ने किया। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष अभ्युदय तिवारी, आतमजीत सिंह मक्कड़, उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, अनुपमा अभिषेक पाण्डेय, सुरेश ठाकुर, सुनील जांगड़े, जसप्रीत रमन हूरा, बिहारी देवांगन, चंद्र प्रकाश देवांगन, परमजीत हूरा, पूजा बबलू गुप्ता, मुन्ना श्रीवास, मुकीम अंसारी, अजय सिंह ठाकुर, करीम कुरैशी, बबलू प्रधान, घनश्याम जांगड़े, हेमंत कश्यप आदि मौजूद थे।

## बिजनेस साइट

### बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग - इन्वेस्टमेंट को इकोनॉमिक साइकिल के साथ संतुलित करना

**बिलासपुर।** निवेश स्ट्रैटेजी जो पहले आसानी से काम करती थीं, वे तेजी से बदलते मैक्रोइकोनॉमिक माहौल में हमेशा असरदार नहीं रह सकतीं। यहीं पर बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग फिर से महत्वपूर्ण हो जाती है - खासकर ऐसी दुनिया में जहां महंगाई का दबाव, लिक्विडिटी की कमी और बढ़ती ग्लोबल अनिश्चितता है।



अमित कुमार डोडेजा
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, बिलासपुर

ऐतिहासिक रूप से, सेक्युलर बुल मार्केट को महंगाई में कमी, आसान मॉनेटरी स्थितियों और घटते जियोपॉलिटिकल तनाव जैसे अनुकूल मैक्रो कारकों से सपोर्ट मिला था। इन अनुकूल परिस्थितियों ने इक्विटी को लंबे समय तक लगातार बढ़ने दिया। हालांकि, आज ग्लोबल माहौल काफी अलग दिखता है। महंगाई ज्यादा स्ट्रक्चरल हो गई है, सेंट्रल बैंक मॉनेटाइजेशन से टाइटनिंग की ओर चले गए हैं और जियोपॉलिटिकल जोखिम बढ़े हुए हैं।

बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग इन बदलावों को पहचानती है और टॉप-डाउन फ्रेमवर्क के जरिए जवाब देती है। किसी एक स्टाइल या सेक्टर में कैपिटल लगाने के बजाय, यह मार्केट कैपिटलाइजेशन, थीम और सेक्टर में इन्वेस्टमेंट को डायनामिक रूप से एलोकेट करती है - यह इस बात पर निर्भर करता है कि अर्थव्यवस्था साइकिल में कहां है। इसमें कोई कैप या न्यूनतम जरूरतें नहीं हैं, जिससे फंड मैनेजर स्थितियों के बदलने पर पोर्टफोलियो को तेजी से रीपोजिशन कर सकते हैं।

भारतीय नजरिए से, मैक्रो बैकग्राउंड काफी हद तक सपोर्टिव बना हुआ है। भारत की खपत बास्केट के मजबूत होने की उम्मीद है, जिसे कम ब्याज दर साइकिल्स से सपोर्ट मिलेगा जो घरेलू बैलेंस शीट, बढ़े हुए सरकारी खर्च और मांग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई पॉलिसी पहलों को सपोर्ट करेगा। टैक्स छूट, जीएसटी रेशनलाइजेशन, बढ़ती ग्रामीण आय और प्रीमियमकरण रुझान जैसे उपायों से खपत वृद्धि को और सपोर्ट मिलने की संभावना है। इसके अलावा, आठवें वेतन आयोग के लागू होने से जीडीपी में महत्वपूर्ण उछाल आ सकता है। हालांकि, ट्रेड टैरिफ्स, सप्लाई चेन में रुकावट और बढ़ते कर्ज के स्तर के कारण ग्लोबल मैक्रो चुनौतियां बनी हुई हैं।

इस बीच-बीच में होने वाली अस्थिरता के माहौल में, बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग निवेशकों को आर्थिक बदलावों के साथ तालमेल बिठाए रखने के लिए एक स्ट्रक्चर्ड लेकिन लचीला दृष्टिकोण प्रदान करती है, जबकि वे भारत की लंबी अवधि की विकास गाथा में निवेशित रहते हैं। बिजनेस साइकिल्स से लाभ उठाने का एक समझदारी भरा तरीका स्ट्रेस-फ्री वेल्थ क्रिएशन के लिए प्रोफेशनल तौर पर प्रबंधित बिजनेस साइकिल म्यूचुअल फंड में निवेश करना है।

भारत में, वर्तमान में लगभग 18 फंड इस रणनीति का उपयोग करते हैं। जनवरी 2021 में लॉन्च किए गए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बिजनेस साइकिल फंड ने लगातार प्रदर्शन दिखाया है, जिसने 31 दिसंबर, 2025 तक एक साल का सीएजीआर 15.59 प्रतिशत, तीन साल का 22.59 प्रतिशत सीएजीआर और लॉन्च के बाद से 21.02 प्रतिशत सीएजीआर दिया है, जो इन समय अवधियों में अपने बेंचमार्क से 4-8 प्रतिशत प्वाइंट ज्यादा है।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 28 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




कार्यक्रम

## संस्कृति, भाषा और ज्ञान की त्रिवेणी : छत्तीसगढ़ी जनउला



**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के साहित्यिक समिति द्वारा जनउला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इसमें 21 छात्राओं ने भाग लिया। मंच संचालन करते हुए, डॉ बेला महंत सहायक प्राध्यापक ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और लोक व्यवहार से जुड़े जनउला (पहेली) को बुद्धि परीक्षण का रोचक खेल बताया। साहित्यिक समिति की संयोजक डॉ इसाबेला लकड़ा ने कहा की जनउला छत्तीसगढ़ी जीवन शैली, प्रकृति और जीवन मूल्यों से जुड़ी रचनात्मक अभिव्यक्ति है, प्रभारी प्राचार्य डॉ शशिकला सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छत्तीसगढ़ी का ज्ञान होना आवश्यक है। जिसमें ' एक हड़िया म दू रंग के पानी' अण्डा, बिन पांखी के सुवना उड़ी चले अकास, रूप-रंग ओखर नइये, मरे न भूख पियास' अत्मा, जैसे रोचक जनउला पूछे गये। इस अवसर पर डॉ आरती सिंह ठाकुर, डॉ शोभा महिस्वर, डॉ दीपक कुमार शुक्ला, डॉ अनुपा तिर्की, डॉ वंदना राठौर, सुरेखा देवांगन, डॉ सुरेष कुमार पटेल, डॉ दीपिका महोबिया, आनंद कुमार, एकाम्बर साव, पुष्पेन्द्र देवांगन, चित्ररेखा वैष्णव, आभा पटेल सहित समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

आयोजन

## हर दृष्टि से मजबूत होने लौटना होगा वेदों की ओर



**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड का वार्षिक आर्य सम्मेलन यज्ञ और सत्संग के साथ संपन्न हुआ। वक्ताओं ने कहा कि हर दृष्टि से मजबूत होने के लिए वेदों की ओर लौटना होगा। यज्ञ के मुख्य यजमान पूर्व पार्षद ओम प्रकाश पांडेय, पार्षद रेखा पांडेय, अरविंद गर्ग, राम चावला, नरेंद्र देव देवांगन सपरिवार रहे। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य हनुमत प्रसाद, आचार्य जयदेव शास्त्री, वेद पाठी आर्य पंकज ने वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ यज्ञ को संपन्न कराया। बहन संध्या शर्मा ने भजन पेश किया। सम्मेलन में सर्वप्रथम विद्वानों फिर अपनी लेखनी से वेद का प्रचार करने वाले पत्रकारों का सम्मान किया गया। आचार्य गीता वेदालंकार ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज मनुष्य का धन अर्जित करना, स्वास्थ्य को ठीक रखना और परिवार को संभालना तीन ध्याय है, लेकिन दुर्भाग्य कि इन तीनों कार्य को भी सुचारू रूप से नहीं कर पा रहा है। वैदिक शिक्षा से यह तीनों कार्य व्यवस्थित चलाया जा सकता है। गुरुकुल शिक्षा में पढ़ा व्यक्ति आर्थिक, पारिवारिक, स्वास्थ्य की दृष्टि से मजबूत होते थे।

धर्म-क्षेत्र

## गुप्त नवरात्रि पर कमला देवी के रूप में कन्याओं का पूजन



**बिलासपुर।** सुभाष चौक सरकंडा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर, काली मंदिर तिफरा सहित अन्य सभी देवी मंदिरों में माघ गुप्त नवरात्रि श्रद्धा से मनाई गई। समापन पर मंगलवार को कन्याओं की कमला देवी के रूप में पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। श्री पीताम्बरा पीठ में नवमीं को मां श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का पूजन, आराधना, मातंगी एवं कमला देवी के रूप में कर कन्या पूजन का आयोजन किया गया। सुबह श्री शारदेश्वर, पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, पूजन एवं परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, श्री सिद्धिविनायक का पूजन, श्रृंगार एवं श्री महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी देवी का श्रीसूक्त षोडश मंत्र द्वारा अभिषेक किया गया। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने बताया कि माता मातंगी और माता कमला दस महाविद्याओं में नवीं और दसवीं महाविद्या है। ये ज्ञान, संगीत और कला की अधिष्ठात्री हैं। मतंग मुनि ने सभी प्राणियों पर नियंत्रण पाने के लिए कठिन तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर माता आदिशक्ति ने उनकी पुत्री के रूप में जन्म लिया इसलिए उनका नाम मातंगी पड़ा।

**मां को दी गई बिदाई :** काली मंदिर तिफरा में माघ गुप्त नवरात्रि के समापन पर पुजारी पं. भवानी दास महराज के सानिध्य में देवी की विशेष पूजा कर कन्याओं को भोजन कराया गया। दक्षिणा देने के बाद मां को बिदाई दी गई।

### श्रीचक्र महामेरु पीठम में महारुद्र शतचंडी महायज्ञ

श्रीचक्र महामेरु पीठम ग्राम खम्हारडीह सरगांव में आयोजित भव्य श्री महारुद्र शतचंडी महायज्ञ' का समापन पूर्णाहुति के साथ आध्यात्मिक उल्लास के बीच संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर देश की सुख-समृद्धि की कामना की और पीठ के पीठाधीश्वर अनंत विभूषित स्वामी सच्चिदानंद तीर्थ महाराज से भेंट कर उनका मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।



# डीपीएस में चौधरी मित्रसेन सिंधु की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिल्ली पब्लिक स्कूल में सिंधु एजुकेशन सोसाइटी के संस्थापक प्रख्यात शिक्षा विद, उद्योगपति, समाजसेवी, स्वर्गीय श्री मित्र सेन जी आर्य की पुण्यतिथि पर हवन का आयोजन किया गया। चित्र के समक्ष मंगलदीप प्रज्वलन, माल्यार्पण और हवन पूजा प्राचार्य जसपाल सिंह, प्रशासनिक अधिकारी आर सी मोहंती तथा बलवान सिंधु ने किया।

संस्था प्राचार्य महोदय ने आर्य के जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा शिक्षा,वेद उपनिषदों के महत्व, समाज सेवा तथा उद्योग जगत में भूतपूर्व उन्नति द्वारा देश में अलग प्रभाव स्थापित किए जाने सहित अनेक महान कार्यों का वर्णन किया। वे भारतीय संस्कृति के प्रबल पक्षधर थे आदि अनेक महान कार्यों का वर्णन किया। समता, सद्भाव, राष्ट्रभक्ति भावना, सरल हृदय तथा विराट व्यक्तित्व के धनी व्यक्तित्व से पहली बार मिलने वाला अभिभूत हो जाता था। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलकर अपनी मंजिल प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

# परमात्मा का अनुभव करने अंतःकरण की शुद्धि जरूरी

खाटू श्याम मंदिर में चल रहे दुर्लभ सत्संग में विजयानंद महराज ने कहा

परमेश्वर को कोई नहीं जानता पर उसमें कोई संदेह नहीं करना आस्तिकता है। ईश्वर से सारा संसार है। सारा संसार उत्पन्न हुआ है। उसे संसार नहीं जानता है और जिसे नहीं जानते है उसे मानना पड़ता है। परमात्मा का अनुभव करने अंतःकरण का शुद्ध होना जरूरी है।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें स्वामी श्री विजयानंद महराज ऋषिकेश ने घोंघाबाबा मंदिर परिसर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में आयोजित दुर्लभ सत्संग में कही। उन्होंने बताया कि भगवान की कृपा से ही भगवान को जाना जा सकता है। अनन्य भाव से भगवान का शरणागत होने पर परमात्मा जिसे जना देते हैं वही परमात्मा को जान सकता है। परमात्मा जानने का नहीं मानने का विषय है। हम साधारण इंसान नहीं बल्कि परमात्मा के बेटे हैं। जिस तरह मां अपने बच्चे को जानती भी है और मानती भी है, उसी तरह परमात्मा हमें जानते भी हैं और मानते भी हैं। प्रभु कहते हैं कि सब में केवल मेरा ही अंश है, इसलिए भगवान हमारे माता और पिता दोनों हैं। उन्होंने कहा कि परमात्मा से आत्मिक संबंध को स्वीकार कर लेना ही सत्संग है। सकाम भाव से सत्संग करने से कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। भगवान के प्रभाव, पराक्रम, ऐश्वर्य व गुणों को सुनना एवं उसे मन में लेकर आचरण में लाना सदचिंतन है। महापुरूषों की चर्चा करना सचर्चा है।

### बचें अभिमान करने से

महराजश्री ने कहा कि योग्यता का अभिमान ब्रम्ह राक्षस बनाता है। किसी को अपने रूप का अभिमान रहता है यह अभिमान नरक ले जाएगा। हमेशा ये अभिमान करें कि मैं भगवान का हूं और वे मेरे हैं। भगवान एक ही है। ईश्वर का जो रूप अच्छा लगे उसे ही मान लें। अच्छा माना हुआ भगवान हमेशा साथ देते हैं। वास्तव में भगवान सच्चिदानंद स्वरूप है। संकट आने पर सच्चे दिल से भगवान को पुकारें तो उनका काम हो जाएगा।

### भगवान के दरबार में कोई चीज की नहीं होती कमी

महाराजश्री ने द्रौपति, कृष्ण भक्त नरसिंह का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान भक्तों का आदर करते हैं। भरे दरबार में भगवान श्रीकृष्ण ने द्रौपति एवं 56 करोड़ की मायरा भर कर नरसिंह की लाज बचाई थी। भगवान के दरबार में कोई चीज की कमी नहीं होती है। भगवान हमारी रूचि व भावना को पहचानते हैं। उन्हें जिस भाषा में सच्चे मन से पुकारेंगे वे प्रकट हो जाएंगे। भक्त प्रहलाद ने तो पत्थर से भगवान को प्रकट करवा लिए थे।

# शोभा टाह फाउंडेशन के विशाल स्वास्थ्य शिविर में चश्मा,ट्राईसाइकिल व हियरिंग मशीन का वितरण

शोभा टाह के 19वीं पुण्यतिथि पर स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिंगराजपारा में विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसमें 26 स्टॉल लगाये गए जिसमें अलग-अलग विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं दिए। 18 साल से निरंतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ जरूरतमंद एवं अंतिम पंक्ति के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध अनिल टाह यह अभियान को निरंतर जारी रखे हुए हैं। जरूरतमंद लोगों को 1 हजार 830 चश्मा, 16 हियरिंग मशीन, ट्राईसाइकिल का भी निशुल्क वितरण किया गया। वही इस वर्ष सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ लॉयर सुनीता ओझा एवं हाईकोर्ट से पुष्प गुप्ता वैभव तिवारी द्वारा जरूरतमंद को कानूनी सलाह दी गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रक्तदान शिविर के साथ आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं होम्योपैथिक चिकित्सा का भी परिसर में स्टाल लगाया गया था। जहां हजारों लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिए नेत्र विभाग के चार अलग-अलग स्तर लगाए गए, जिसमें रेटिना के विशेष जांच की व्यवस्था की गई थी। तत्काल चश्मा उपलब्ध कराया गया वहीं डॉक्टर द्वारा लिखित पर्ची के अनुसार औषधि भी उपलब्ध कराई गई। शिविर कार्यक्रम में बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, कलेक्टर संजय अग्रवाल, डीआईजी रजनेश सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल महापौर पूजा विधानी, देवेन्द्र यादव, विजय केशरवानी सहित आईएमएसी एमएच अपोलो के वरिष्ठ चिकित्साकगण विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में अनिल टाह सपरिवार व परिजन पर्यावरण संगठन हरिहर ऑक्सीजोन एवं एनसीसी एनएसएस के युवाओं द्वारा विशेष सराहनीय योगदान रहा है।



### इन डॉक्टरों ने दी सेवाएं

सीएमएचओ डॉ. शुभ्रा गढ़ेवाल, डॉ. रमणेश मूर्ति, डॉ. आर ए शर्मा, डॉ. एल सी मढ़रिया, डॉ. विनोद तिवारी, डॉ. देवेन्द्र सिंह, डॉ. मनोज रॉय, डॉ. रक्षित जोगी, डॉ. शरद गढ़ेवाल, डॉ. राहुल जैन, डॉ. शंभूनाथ अग्रवाल, डॉ. रजनीश सिंह, डॉ. सिद्धार्थ वर्मा, डॉ. बी.आर. होतचंदानी, डॉ. प्रशांत दिवेदी, डॉ. ऐश्वर्य मढ़लिया, डॉ. गुंजन अग्रवाल, डॉ. पूजा सिंह, डॉ. पारुल जोगी, डॉ. चिरंजीवी शर्मा, डॉ. मनीष साहू, डॉ. प्रदीप शुक्ला, डॉ. अनुष्का ढेपा, डॉ. कीर्ति फोगाट, डॉ. निशांत कौशिक, डॉ. शांतनु मिश्रा, डॉ. अजय पांडया, डॉ. चंद्र लता गर्ग, डॉ. निकिता जायसवाल, चंदन गांगुली, डॉ. शंकर यादव, रेखा, प्रीति हितेश चौहान, शेफाली, पिंटू जायसवाल, पंकज पटेल सहित विभिन्न हॉस्पिटल के डॉक्टरों नर्सिंग स्टाप का सराहनीय योगदान रहा।

## दिल तो क्या रूह-ए-फ़न को भी गरमा गई जहन का दर खुला तो गजल आ गई

**बिलासपुर।** शहर में रविवार की शाम खास बन गई, ये रिवायती गजलों की खुशनुमां महफ़लि थी, प्रख्यात गजल गायिका श्रुति प्रभला ने गायिकी की विशिष्ट धारा "रिवायत" को अपनी सुरीली और रूहानी अंदाज में महफ़लि को सजाया कि "दिल तो क्या रूह-ए-फ़न को भी गरमा गई। जहन का दर खुला तो गजल आ गई", श्रुति ने अल्लामा इकबाल, जावेद कुरैशी, नासिर काजमी, अहमद फैज, अहमद फराज, पहलाज लखनवी और मिर्जा गालिब की गजलें सुनाई। रिवायती गजलों का हर शेर अपने में एक याद, एक एहसास और एक अनकहा सच समेटे होता है, इनमें मोहब्बत की नर्मी भी होती है। जुदाई का दर्द, और ज़िंदगी का सफ़रनामा भी होता है। ये गजलें सिर्फ शब्द नहीं, बल्कि रूह की आवाज होती हैं। ये आवाज कभी दिल को सुकून देती हैं, तो कभी पुराने ज़ख्मों को हल्के से छूकर फिर से जगा देती हैं. तो कभी मोहब्बत का मीठा अहसास दिलाती है। भरी महफिल में जब श्रुति ने अल्लामा इकबाल की इश्क, सब्र, और रूहानी तड़फ से लबरेज कालजयी गजल "तेरे इश्क की इंतिहा चाहता हूं, मेरी सादगी देख क्या चाहता हूं"की पेशकश को अपनी संजीदा आवाज दी तो गजल-प्रेमी श्रोता वाह-वाह कर उठे। उस्ताद वसीम अहमद खान साहब की शागिर्द श्रुति के श्रुत-संसार को श्रोताओं ने अपनी पलकों में बिठा लिया। अटल बिहारी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी की अगुवाई में श्रुति और उनके साथ मौजूद संगतकारों ने दीप-ज्योति प्रज्वलित की। इस मौके पर डॉ सतीश जायसवाल, डॉ देवेन्द्र सिंह, अशोक ऋषि, द्वारिका प्रसाद अग्रवाल, डॉ बी आर होतचंदानी, जगदीश दुआ, उज़्मा अख्तर, शुभदा जोगलेकर, किरण पाल सिंह चावला सहित अनेक सुधि गजल-प्रेमी श्रोता सपरिवार मौजूद थे।



स्पोर्टर्स न्यूज

# बेसबॉल टीम की बालक-बालिका को किट वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बेसबॉल 19 वर्ष बालक-बालिका को कीट वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ टीम के कोच कारखाने ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक संचालक,अखिलेश मेहता, कमलेश यादव, प्रशांत चिपडे, शिक्षक साजिद खान मौजूद थे। प्रतियोगिता दिल्ली में 30 जनवरी से 3 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के टीम में 16 बालक व 16 बालिका खिलाड़ियों का चयन किया गया है। खिलाड़ियों को हीटिंग फील्डिंग कैचिंग साथ में मैच प्रैक्टिस भी कराया गया है,बालक टीम में सुनील गौड़, हिमांशु देवांगन, बृजेश रात्रे, विशाल सिंह, अभिनव गढ़ेवाल, ओम साहू, अनल श्रीवास, सागर यदु, चोवाराम, सोनू यादव, कृष्णा हिमेश दास, देवेंद्र, गोपी, प्रवीण शामिल है। बालिका वर्ग में महिमा पैकरा, श्रेया खांडे, अनुष्का, हर्षिता महोबिया, रागिनी सूर्यवंशी, अंकित विश्वकर्मा सोनम सोनवानी चांदनी आसमीन सिंह, देविका, हिना, वैदेही, हिंगेश्वरी विनीता अपेक्षा मिश्रा सोनम यादव शामिल है। बेसबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ पलक जायसवाल महासचिव मिताली घोष, उपाध्यक्ष डॉ कैरोलाइन, सत्तूर मृत्युंजय शर्मा, मुकेश कश्यप, गीता सिंह, बनाकर आशीर्वाद प्रदान किया।



## विमेंस अंडर 15 और विमेंस अंडर 19 ट्रॉयल 31 को

क्रिकेट संघ विमेंस अंडर 15 और विमेंस अंडर 19 ट्रॉयल 31 जनवरी को आधारशीला विद्या मंदिर कोनी में और छत्तीसगढ़ ईस्ट जोन का ट्रॉयल 2 फरवरी को सेक्रसा रेलवे मैदान में इस वर्ष भी विमेंस ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए सभी जिला में ट्रॉयल का आयोजन किया जाना है और इस बार सत्र 2026-27 के लिए ट्रायल लिया जा रहा है। जिसके लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा 31 जनवरी 2026 को सुबह 10 बजे कोनी के रमतला रोड आधारशीला विद्या मंदिर स्कूल में वूमेंस अंडर 15 और वूमेंस अंडर 19 का ट्रायल का आयोजन किया जाना है। विमेंस अंडर 15 का कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014 के मध्य जन्म के खिलाड़ी ट्रायल दे पाएंगे, इसके अलावा वूमेंस अंडर 19 का कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2007 रखा गया है। इसके बाद जन्म लेने वाले खिलाड़ी ही इस ट्रायल में सम्मिलित हो सकेंगे।

### ट्रायल व्हाइट बॉल से होगा

ट्रायल के दौरान सभी खिलाड़ी अपने अंतिम 6 साल के मार्कशीट पीवीसी आधार कार्ड, डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट और पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है एवं सभी दस्तावेज का फोटो कॉपी लाना अनिवार्य है। और सभी खिलाड़ी कलर लोअर टी-शर्ट में उपस्थित होंगे और स्वयं के कीट बैग लाना है। और अधिक जानकारी के लिए महेश दत्त मिश्रा से संपर्क कर सकते हैं। ट्रायल के दौरान फिटनेस, क्रिकेट स्किल, मेंटल स्किल बल्लेबाजी और गेंदबाजी के प्रदर्शन को परखने के बाद ही खिलाड़ियों का चयन ईस्ट जोन के लिए किया जाएगा। जिला ट्रायल के पश्चात खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए छत्तीसगढ़ ईस्ट जोन के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। ईस्ट जोन का ट्रॉयल 2 फरवरी को रेलवे के सेक्रसा मैदान में सुबह 8 बजे ट्रायल लिया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### श्याम बने भाजपा अजजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष



**सकरी।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला पदाधिकारियों की सूची जारी की गई, जिसमें तखतपुर विधानसभा के जनपद पंचायतसभापति श्याम सिंह ध्रुव को भाजपा अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रकोष्ठ में जिला उपाध्यक्ष करुणा जितेन्द्र राज, जिला मंत्री द्वय शिवकुमार ध्रुव एवं प्रेमलाल पोर्ते को भी जिम्मेदारी दी गई है। अपनी नियुक्ति पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्याम सिंह ध्रुव ने शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश संगठन एवं विधायक धर्मजीत सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, भारतीय जनता पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जता कर जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से निभाऊंगा।

**निधन**

### अशोक कुमार अग्रवाल



**बिलासपुर।** प्रियदर्शिनी नगर निवासी अशोक कुमार अग्रवाल पिता स्वप्निल अग्रवाल का निधन 26 जनवरी को हो गया। उनका संस्कार 27 जनवरी को उनके पैतृक गांव बनियाडीह में किया गया।

### अंतुलाल यादव



**बिलासपुर।** कस्तूरबा नगर निवासी अंतुलाल यादव का निधन 24 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार कस्तूरबा नगर मुक्तिधाम सिंधी कालोनी में किया गया। वे गौरीशंकर यादव, शिवशंकर यादव, रविशंकर यादव के बड़े भाई थे।

### वीरेंद्र थवानी



**बिलासपुर।** बिलासपुर के पूर्व निवासी वीरेंद्र थवानी का 27 जनवरी को रायपुर में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 जनवरी को उनके निवास मकान नंबर 9 फ्रेस 2 अशोका इकॉन मोवा रायपुर से सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

### शिवानी मुखर्जी



**बिलासपुर।** रामकृष्ण एनक्लेव निवासी शिवानी मुखर्जी आज निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे आशुतोष मुखर्जी की पत्नी, अभिजीत और अर्पणा मुखर्जी की माता थीं।

### विष्णुकांत अग्रवाल



**जरहागांव।** बछौद बलौदा वाले बिलासपुर निवासी विष्णुकांत अग्रवाल का 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे ओम प्रकाश अग्रवाल, राकेश कुमार अग्रवाल, ममता, सविता, कविता के पिता तथा अमृतलाल अग्रवाल, शंकर अग्रवाल के भाई थे।

### सुखी सिंह राजपूत



**तखतपुर।** ग्राम जोगीपुर निवासी सुखी सिंह राजपूत का 70 वर्ष की आयु में 27 जनवरी को निधन हो गया। वे ईश्वर सिंह राजपूत के पिता थे।

### शीतल प्रसाद सोनी



**तखतपुर।** बजरंग नगर निवासी शीतल प्रसाद सोनी का 70 वर्ष की आयु में 27 जनवरी को निधन हो गया। वे राजेंद्र सोनी, वीरेंद्र सोनी, सुरेन्द्र सोनी के पिता थे।

शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति कबड्डी स्पर्धा का समापन

# पुरुष वर्ग में बिहार व हरियाणा की महिला टीम ने हासिल की जीत, विजेताओं को मिले पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ करगीरोड कोटा



विजेताओं को पुरस्कार देते अतिथि।

शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का 25 जनवरी को समापन हुआ। प्रतियोगिता में देश के 17 राज्यों की पुरुष टीमों और 11 राज्यों की महिला टीमों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में दरभंगा (बिहार) और महिला वर्ग में हरियाणा की टीम विजेता बनी। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने की। समारोह में जिला भाजपा अध्यक्ष मोहित जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सूरज साधेलाल भरतद्वाज, नगरपालिका अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू, जिला पंचायत सदस्य रजनी पिंटू मरकाम, जयकुमारी प्रभु जगत, जीपीएम कांग्रेस अध्यक्ष गजपती भानू, विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी, जनपद सदस्य मनोज मरावी सहित कोटा-बेलगहना क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह के नाम पर आयोजित यह अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में एक सराहनीय पहल है। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने विजेता, उपविजेता, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त टीमों और व्यक्तिगत पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। बाहर से आए खिलाड़ियों और टीम प्रबंधकों ने बेहतर व्यवस्थाओं को लेकर आयोजन समिति की सराहना की।प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर के रेफरी और आधिकारिक पदाधिकारी मौजूद रहे। मार्च पास्ट, ध्वजारोहण और ध्वज अवतरण सहित पूरे कार्यक्रम में अनुशासन एवं खेल संहिता का पालन कराने की जिम्मेदारी वरिष्ठ शिक्षक सुरेश सिंह चौहान ने निभाई। आयोजन समिति के अध्यक्ष आदित्य दीक्षित के साथ बसंत अंचल, प्रकाश राव, शिवशंकर नामदेव, आनंद कुमार तिवारी, भूपेंद्र पाण्डेय, रमेश जगत, नंद मेश्राम, महेंद्र गुप्ता, दिलीप श्रीवास सहित अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने पूरे आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, आयोजन समिति और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं कोटा क्षेत्र के खिलाड़ियों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। खिलाड़ियों ने कहा कि इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता के आयोजन से कोटा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है और इसके लिए विधायक अटल श्रीवास्तव का प्रयास सराहनीय है।

# पान दुकान में दूसरी बार चोरी सीसीटीवी में कैद हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार



सीसीटीवी में कैद चोर की तस्वीर।

चोरों ने फिर एक बार ठंड का फायदा उठाते हुए व्यापारिक प्रतिष्ठानों में चोरी व सेंधमारी की कोशिश शुरू कर दी है, जिससे नगर के व्यापारी दहशत में होने के साथ-साथ आक्रोशित भी हैं। साथ ही मल्हार पुलिस की रात्रि गस्त पर भी सवाल उठ रहे हैं।

दरअसल मल्हार के बस स्टैंड स्थित एक पान दुकान में रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने दूसरी बार चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दुकान का ताला तोड़कर दो नकाबपोश चोर लगभग एक हजार रुपए नकद सहित मिक्चर, सिगरेट की पेटी, गुटखा, बिस्किट एवं अन्य सामान दो बोरियों में भरकर फरार हो गए। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। गौरतलब है कि, इसी दुकान में महज 15 दिनों के भीतर यह दूसरी चोरी की घटना है, जिससे व्यापारियों में आक्रोश और भय का माहौल है। इसी क्रम में मल्हार नवोदय विद्यालय के सामने निवासरत हरि थवाइत के घर से भी 15 दिन पूर्व ताला तोड़कर 18 हजार रुपये नगद तथा सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए गए थे, जिनका अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

वहीं लगभग दो माह पूर्व चौकी क्षेत्र के ग्राम बिनेका निवासी धरमलाल पुरेना के घर से भी करीब दो लाख कीमती सोने-चांदी के गहनों पर चोरों ने हाथ साफ किया था। इसके अलावा मेला चौक स्थित तुकाराम किराना दुकान में भी आधा दर्जन से अधिक बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी भी मामले में चोरों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। बीते माह घरों के बाहर खड़े ट्रैक्टरों से लगातार बैटरियां चोरी होने की घटनाएं सामने आई थीं, जिस पर मल्हार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर बैटरियां बरामद की थीं। हालांकि हाल के दिनों में फिर से छोटी-मोटी चोरियों का सिलसिला बढ़ने लगा है, जिससे क्षेत्र के व्यापारी और ग्रामीणों में चिंता बढ़ रही है।स्थानीय लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## सर्वधर्म शास्त्रों में शिरोमणि है श्रीमद्भगवत गीता: शशिप्रभा



**मस्तूरी।** हजारी गली अम्बे रेसिडेंसी चांपा में सात दिवसीय 'श्रीमद्भगवत गीता सार- सुखद जीवन का आधार' गीता महोत्सव कार्यक्रम में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी ने कहा कि, श्रीमद्भगवत गीता सर्व शास्त्रों में शिरोमणि है।

यह केवल हिंदू धर्म का शास्त्र नहीं, अपितु समस्त मानव जाति का शास्त्र है। इसलिए इसका अनुसरण हर धर्म के लोगों को करना चाहिए। गीता ही एकमात्र शास्त्र है, जिसका सबसे अधिक भाषाओं में अनुवाद है। दीदी ने बताया कि, गीता से हिंसा की प्रेरणा ना लें, इसमें मन के नकारात्मक व सकारात्मक विचारों से युद्ध और उसमें सही निर्णय अर्थात धर्म के पक्ष में निर्णय लेने की शिक्षा मिलती है।शशिप्रभा दीदी के पावन सानिध्य में आगामी दिनों के कार्यक्रम में आध्यात्मिक रहस्य का प्रगटीकरण, ज्ञान योग, कर्म, अकर्म, विकर्म का बोध, कर्म योग, परम सत्य का बोध, विराट स्वरूप दर्शन, विभूति योग, सृष्टि का अनादि सत्य, कल्पतरु कथा, राजयोग भक्ति योग आदि श्रवण कराया जाएगा। यह आयोजन लक्ष्मीचंद देवांगन व उमा देवांगन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त देवांगन परिवार एवं नगरवासियों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया।

### पथरगढ़ी श्रीराम-जानकी मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा



**पथरिया।** ग्राम पथरगढ़ी में निषाद समाज की ओर से श्रीराम-जानकी एवं निषादराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कलश यात्रा व हवन-पूजन के साथ विधि विधान से की गई। इस आयोजन नें आसपास पास के ग्रामीणों एवं हरिविर्सन टोलियों ने विशेष सहयोग प्रदान किया। गौरतलब है कि, मेला स्थल पर बहुत पुराना राम-जानकी एवं निषादराज का मंदिर है, जिसमें पूजा-अर्चना निषाद समाज द्वारा की जाती है। पिछले माह मेले के उपरांत समाज ने पुरानी मूर्ति के विसर्जन और नवीन मूर्ति के स्थापना का निर्णय लिया गया था। उपरोक्त जानकारी नगर के पूर्व पार्षद एवं निषाद समाज के संभागीय सचिव मनोज निषाद ने दी। इस कार्यक्रम में निषाद समाज से सुन्दर लाल निषाद, संतोष निषाद, सत्रोंहन निषाद, बिहारी निषाद जिला, मनोज निषाद, प्रभुराम, दुखुराम, पलटन निषाद, बहावीर निषाद, राघो निषाद, कुमार निषाद, श्यामू लाल निषाद, महरा लीलाराम निषाद, जेदूराम निषाद, देश निषाद, संतूराम निषाद, कलाराम निषाद, शिवचरण निषाद, शिवकुमार निषाद सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।



## बोदरी तहसील इकाई पत्रकार संघ के गठन की तैयारी

**चकरभाठा।** बिल्हा पत्रकार संघ के तत्वाधान में बोदरी तहसील इकाई पत्रकार संघ के गठन को लेकर सन्नाड कुर्मी धर्मशाला में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिल्हा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद वर्मा, सचिव कमल गर्ग सहित क्षेत्र के सभी सम्मानित पत्रकार उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पत्रकारों ने संगठन की आवश्यकता, उद्देश्य और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि, बोदरी तहसील क्षेत्र में कार्यरत पत्रकारों को एक मजबूत और संगठित मंच उपलब्ध कराने के लिए तहसील इकाई का गठन जरूरी है, जिससे पत्रकार हितों की रक्षा के साथ-साथ क्षेत्र की समस्याओं को मजबूती से उठाया जा सके। बैठक में उपस्थित सभी पत्रकारों की सर्वसम्मति से जल्द ही बोदरी तहसील इकाई पत्रकार संघ का औपचारिक गठन का यह निर्णय लिया गया। इसके लिए आगामी दिनों में तिथि निर्धारित कर चुनाव अथवा सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद वर्मा ने कहा कि, पत्रकार संघ का उद्देश्य पत्रकारों को एकजुट करना, उनके अधिकारों की रक्षा करना और निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता को बढ़ावा देना है। वहीं सचिव कमल गर्ग ने कहा कि, बोदरी तहसील इकाई के गठन से स्थानीय पत्रकारों को संगठनात्मक मजबूती मिलेगी और आपसी समन्वय और सहयोग भी बढ़ेगा। इस अवसर पत्रकार गण योगेश शर्मा, धीरेंद्र मेहता, मनोज राय, संजय कौशिक, मनोज साहू, दशरथ सन्नाड्य, गंगाराम निर्मलकर, गोवर्धन शर्मा, हरीश गुप्ता, कमलेश पांडे, हेमंत पांडे सहित पत्रकार साथी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और सभी पत्रकारों ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## शराब तस्करी करते दो गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**लोरमी।** क्षेत्रान्तर्गत अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब परिवहन करने वाले 2 आरोपियों के कब्जे से 61 पाव देशी प्लेन मदिरा व एक मोटर सायकल जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया की 25 जनवरी को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर लोरमी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम रेहुंटा स्कूल के पास नाकेबंदी कर दो संदिग्धों से पूछताछ की गई। दोनों की तलाशी लेने पर आरोपी कमल सिंह ध्रुव के कब्जे से 61 नग देशी प्लेन शराब कीमती 4 हजार 880 बरामद की गई। वहीं मामले में आरोपी परमानंद ध्रुव द्वारा परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल होंडा एसपी सीजी 9 जेके 7928 कीमती 30 हजार को भी जब्त किया गया। ग्राम ढोलगी निवासी आरोपी कमल सिंह ध्रुव पिता गौकरण ध्रुव उम्र 48 वर्ष व परमानंद ध्रुव पिता रामावतार ध्रुव उम्र 39 वर्ष को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.मं. बिलासपुर में स्थित भूमि ख.नं. 1165/14 शामिल 1167/18 रकबा 0.0220 हे. का राजस्व दस्तावेज प्रवीण कुमार देवांगन आ. राधाकृष्ण देवांगन के नाम पर स्वामी हक मे दर्ज उपरोक्त वणित भूमि को क्रय करने सौदा मेरे आसामी परशुराम देवांगन आ. द्वारिका प्रसाद देवांगन निवासी दुर्गानगर लिंगियाडीह बिलासपुर छ.ग. के द्वारा समव्यवहार किया गया है उक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय को किसी भी प्रकार का दावा, आपत्ति हो तो सुसुगत दस्तावेज के पास कार्यालय पर 15 दिनों के अंदर प्रस्तुत करे समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर भी प्रकार से स्वीकार नहीं किया जावेगा एवं मेरा आसामी परशुराम देवांगन अपने नाम पर रजिस्ट्री कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा। सो सूचना जाने

दिनांक: 27.01.2026

रामकुमार सूर्या अधिवक्ता
निवास करबला बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 9329444288

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति रानी शर्मा पति लव कुमार शर्मा निवासी नया सरकण्डा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर के नाम ग्राम..... प.ह.नं. 20/32 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील बिलासपुर व जिला बिलासपुर में खसरा क्रमांक 321/6 रकबा 0009 हे. वर्गफीट भूमि स्थित है। उक्त भूमि को मेरे पक्षकार श्रीमती जया श्रीवास्तव पति श्री नितिन श्रीवास्तव निवासी कालिका नगर तिफरा तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा करते हुए अग्रिम राशि बयाना बतौर प्रदान करते हुए अनुबंध पत्र निष्पादित करवाये हैं। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था, समूह समिति, शासकीय अर्द्धशासकीय निजी बैंक को दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर नीचे लिखे पते व दस्तावेज सहित लिखित में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय अवधि बाद एवं फोन से दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें

दिनांक: 27 जन.2026

भवदीय
दिनेश माधवानी (अधिवक्ता)
आसमा होम सिटी ए.जे.28
सकरी जिला बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 9300320237, 7024467338, 9770123270

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक // अति.तह. / वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 20/01/2026

ग्राम तिफरा के सर्व साधारण / आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तिफरा प.ह.न. 40 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 426/4 एवं 426/5 में से रकबा 1350 हे. (30×45)' एकड़ भूमि की अभिलेख सुधार के लिए श्रीमती उमा शर्मा पति श्री आर.एन शर्मा निवासी नेहरू नगर बिलासपुर द्वारा आवेदन किया गया। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 11/02/26 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 20/1/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

## जनपद प्राथमिक शाला में लगा उल्लास मेला

**बिल्हा।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र कौशिक, बीआरसीसी देवी प्रसाद चंद्राकर के मार्गदर्शन में जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा में मंगलवार को उल्लास मेले का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।

शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने और नवसाक्षरों को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस मेले में नवसाक्षरों की ओर से विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जो आकर्षण का केंद्र रहे। मेले में कुल 13 स्टॉल लगाए गए थे, जो मुख्य रूप से उपभोक्ता अधिकार, जीवन कौशल, भाषा एवं गणितीय अवधारणाओं पर आधारित थे। विकासखंड शिक्षा कार्यालय बिल्हा से सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुनीता ध्रुव एवं बीआरसी देवी प्रसाद चंद्राकर एवं सीएसी केशव वर्मा ने मेले का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि उल्लास मेला नवसाक्षरों को शिक्षा से जोड़ने का एक सशक्त और प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम के समापन पर प्रधान पाठक साधराम मरकाम ने नवसाक्षरों, प्रेरकों और उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी को निरंतर शिक्षा से जुड़े रहने का आह्वान किया और प्रेरकों को उनके आगामी दायित्व सौंपे।इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में प्रधान पाठक साधराम मरकाम सहित शिक्षक पुनीराम साहू, कलेश्वर साहू, श्वेता केशरी, नीलम सूर्यवंशी, रामायण तेंदले, रीना मेश्राम और मधु रात्रे का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बिल्हा नगर से पार्षद व एसएमसी अध्यक्ष मोहन ढोरिया, गणेश नोनिया, श्रवण छाबड़ा, सत्यनारायण गोयल, गुरदीप सिंह सलूजा, लल्लू खान, दिनेश मखीजा, केजू शर्मा एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल विहार योजना चिल्हाटी बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-49, आबंटी श्री बिरेन्द्र कुमार निर्णेजक, पिता श्री टीकाराम निर्णेजक, को आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 09.05.2017 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को क्रेता इनाम अहमद खान, पति स्व. श्री मोहम्मद खान को विक्रय करना चाहता है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-बिलासपुर

**न्यायालय तहसीलदार सकरी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र................../2025-26
ग्राम-अमेरी तहसील-सकरी,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका चंदा जायसवाल पति राजेश जायसवाल, निवासी रायपुर रोड सारंगढ़ के द्वारा ग्राम अमेरी, पहनं. 43, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 498/7 रकबा 0.0220 हेक्टेयर भूमि का नामांतरण हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र भुईयां पोर्टल में प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में पंजीकृत विक्रय पत्र पुराना होने के कारण प्रकरण का निराकरण किये जाने हेतु राजस्व न्यायालय में लिया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 09/2/2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। सुनवाई दिनांक के उपरांत कोई दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/1/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुद्दर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी

**न्यायालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक / Q /सीमांकन /रा.नि.2026
बिलासपुर दिनांक 13/01/2026

प्रति,
1. आवेदक मेसर्स कालका बिल्डकॉन द्वारा भागीदार नीरज कछवाहा पिता स्व. श्यामलाल कछवाहा
आवेदक के बताए अनुसार भूमि स्वामी
1. मनीष कुमार कछवाहा पिता श्यामलाल कछवाहा सा.रामा ग्रीन सिटी 2. रामचरण साहू 3. संजय कुमार पटेल 4. मन्नू वगैरह।

विषय: सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन दिनांक 24/10/2024।

ग्राम बिजौर प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 333/1, 335/1, 335/5, 335/8 रकबा क्रमशः 0.461, 0.461, 0.461, 0.405 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक के द्वारा छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत सीमांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन के आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का दिनांक 02/02/2026 समय 10.00 से 05.00 बजे के बीच सीमांकन किया जाएगा।

संबंधित व्यक्ति या प्रभावित व्यक्ति अपनी भूमि के संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होंवे। तत्पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक मंडल
मोपका

**न्यायालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक / Q /सीमांकन /रा.नि.2026
बिलासपुर दिनांक 13/01/2026

प्रति,
1. आवेदक मेसर्स कालका बिल्डकॉन द्वारा भागीदार मयंक कछवाहा
आवेदक के बताए अनुसार भूमि स्वामी 1. कछवाहा परिवार 2. रामचरण साहू 3. संजय कुमार पटेल 4. मन्नू वगैरह।

विषय: सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन दिनांक 24/10/2024।

ग्राम बिजौर प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 335/7 रकबा 0.461 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक के द्वारा छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत सीमांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन के आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का दिनांक 02/02/2026 समय 10.00 से 05.00 बजे के बीच सीमांकन किया जाएगा।

संबंधित व्यक्ति या प्रभावित व्यक्ति अपनी भूमि के संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होंवे। तत्पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक मंडल
मोपका

**आम सूचना का खण्डन**

मैं अपने पक्षकार गैलेक्सी बिल्डकॉन द्वारा गौरव तिवारी एवं शिल्पी तिवारी, सीपत मुख्य मार्ग, चांटीडीह बिलासपुर की ओर से अधिकृत व प्राधिकृत होकर नवभारत एवं हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित आम सूचना दिनांक 25.01.2026 जिसमें अधिवक्ता सूर्यकांत शर्मा द्वारा अपने पक्षकारगण (1) बिसाहीन बाई गोड़ पति स्व. गोपाल गोड़ (2) गौरी ध्रुव पिता स्व. गोपाल गोड़ (3) उर्वशी ध्रुव पिता स्व. गोपाल गोड़ (4) पुष्पलता ध्रुव पिता स्व. सोनसिंह गोड़ सभी निवासी खमतराई, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत होकर सूचना पत्र प्रकाशित कराया गया था कि मेरे पक्षकार की पैतृक संपत्ति मौजा बिरकोना, प.ह.नं.-17, वर्तमान 47, महाल नं.-01, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में खसरा नंबर 1340/5, 1340/7, 1340/8 कुल रकबा 4.45 एकड़ भूमि स्थित रही है जिसका वर्तमान खसरा नंबर 15001/1 है, जिसके संदर्भ में प्रकाशित आम सूचना का खण्डन करता हूँ, मेरे पक्षकार द्वारा कभी भी किसी भी प्रकार से कोई भी जमीन बिसाहिन बाई गोड़ वगैरह से क्रय नहीं की है। मेरे पक्षकार द्वारा क्रय की गई भूमि पर मेरे पक्षकार का निरंतर और लगातार स्वत्व व आधिपत्य निर्मित है। उपरोक्त भूमि के संदर्भ में समस्त विधिक औपचारिकताओं को पूर्ण किये जाने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि को पंजीयन बैनामा के माध्यम से क्रय की गई है। कतिपय व्यक्तियों बिसाहीन बाई गोड़ वगैरह के द्वारा जानबूझकर आशयपूर्वक मेरे पक्षकार की भूमि को विवादित करने की मंशा से निरंतर और लगातार प्रयास किया जा रहा है, जिसका एकमात्र उद्देश्य भयादोहन/ब्लैकमेल करते हुए येन-केन-प्रकारेण राशि प्राप्त की जा सके। उपरोक्त पक्षकारों का उक्त आचरण स्वमेव विधि, तथ्य एवं प्रक्रिया के प्रतिकूल है, जिसके विरूद्ध प्रत्येक साक्ष्य के साथ मेरा पक्षकार सिविल, दाण्डिक व प्रतिकर संबंधी कार्यवाही करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। एतद् द्वारा इस आम सूचना के खण्डन के प्रकाशन के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण के नाम पर स्थित भूमि मेरे पक्षकारगण के स्वत्व व अधिकार की भूमि है, जिसके संदर्भ में मिथ्या आरोप लगाया जा रहा है जो कि पूर्णतः असत्य एवं झूठा है।

दिनांक- 27.01.2026, स्थान-बिलासपुर (छ.ग.)

जुगल किशोर पाण्डेय (अधिवक्ता)
बालाजी नर्सिंग होम के पास, गली नंबर 2
देवनन्दन नगर, फेस-1, बिलासपुर
मो. 9770750042, 9589673783

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सरकण्डा तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**-: सूचना :-**

क./क/ तह. / रा.नि./ सीमा./2025
सरकण्डा, दिनांक 23/01/2026

प्रति. 1. क्लोमदिया केरकेटटा पिता स्व. कमील केरकेट्टा 2. के. खान 3. पाण्डेय जी 4. ठाकुर जी 5. चंदा सिंह पति संतोष सिंह 6. ईशरत सिध्दिकी 7. कमलजीत श्रीवास्तव 8. सुभाष पाण्डेय 9. विजय कुमार अग्रवाल 10. आनंद तिवारी 11. निर्मला पति जयकुमार 12. सुनीता यादव 13. जसवंत लाल यादव 14. अरविन्द कुमार 15. लोक सिंह बैस 16. द्विया तिवारी पति नीरज तिवारी।

विषय:- सीमांकन/बटांकन/स्थल निरीक्षण के समय उपस्थित होने बावत।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार / नायब तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक // तह./रीडर/ 2025 बिलासपुर, दिनांक 15/12/2025

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक/ आवेदिका क्लोमदिया पिता कमील केरकेट्टा निवासी छिंदपारा बुडबुड द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम मंगला प.ह.न. 35 रा.नि.म. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.न. 1422/4 रकबा 0.0160 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन/ बटांकन/स्थल निरीक्षण हेतु न्यायालय तहसीलदार/ नायब तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन / बटांकन/स्थल निरीक्षण न्यायालय तहसीलदार / नायब तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 10/02/2026 को समय 01:00 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपुर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

राजस्व निरीक्षक
तहसील बिलासपुर

**// आम सुचना का खण्डन //**

मैं अपनी पक्षकार श्रीमती कृष्णा दुआ, पिता स्व. सीताराम दुआ, पति स्व. गोविंद महेद, निवासिनी लिंक रोड़ बुखारी पेट्रोल पंप के पास, बिलासपुर छ.ग. द्वारा अधिकृत होकर आम सूचना का खण्डन कर रही हूँ जो कि, दिनांक 25.01.2026 को दैनिक समाचार पत्र में अंचल जुनेजा के द्वारा अपने अधिक्ता के माध्यम से आम सूचना का प्रकाशन इस आशय का 1. मौजा मंगला तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.नं. 1369/2/ग रकबा 0.3240 हे खसरा नंबर 1363 रकबा 0.2870 हे0 2 मौजा तोरवा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. खसरा नंबर 880/1 रकबा 0.3440 हे0 खसरा नंबर 865/3 (866/3) रकबा 0.0200 हे0 के संबंध में स्व. बृजमोहन दुआ के द्वारा वसीयतनामा का निष्पादन कराया गया है साथ ही न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के पंचम अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ बिलासपुर के छ.ग. के न्यायालय में वाद लंबित है, जिसके संबंध में खण्डन करते हुए सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, अंचल जुनेजा के द्वारा फर्जी वसीयतामा का निष्पादन मस्तुरी में कराया गया है, जबकि दिनांक 06.04.2022 को बृजमोहन दुआ चलने फिरने में असमर्थ होकर पार्किसन रोग से ग्रसित थे ऐसी स्थिति में चूकि उक्त खसरा नंबर बिलासपुर जिले के क्षेत्राधिकार में आने से निष्पादित वसीयतनामा अपने आप में विधि मान्य नही है तथा उक्त वसीयतनामा भी फर्जी होने से स्वीकार योग्य नही है, इसके अतिरिक्त उक्त खसरा के संबंध में न्यायालय में लंबित प्रकरण में किसी भी प्रकार का कोई भी स्थगन अंचन जुनेजा के पक्ष में पारित नही है, इस आधार पर भी उक्त खसरा में किसी भी प्रकार का कोई भी विवाद नही है, जबकि बृजमोहन दुआ की मृत्यु के बाद एकमात्र विधिक वारिसान उनकी बहन श्रीमती कृष्णा दुआ ही है, जिसके संबंध में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर छ.ग. के द्वारा प्रकरण कमांक एफ.ए (मेट) 25/2019 में दिनांक 14.01.2026 को पारित किया गया है ऐसी स्थिति में उक्त खसरा के संबंध किसी भी प्रकार की कोई भी जानकारी प्राप्त करना हो तो उक्त खण्डन के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे पक्षकार श्रीमती कृष्णा दुआ या उनके अधिवक्ता से प्राप्त कर सकते है। यह कि आम सूचना का खण्डन सर्व साधारण की जानकारी एवं हितार्थ प्रकाशित की जा रही है।

दिनांक 27.01.2026

भवदीय
गुंजन तिवारी अधिवक्ता
कार्यालय - सूर्य विहार, सीपत रोड़ बिलासपुर
तह. व जिला-बिलासपुर छ.ग.
मो.न. 9179507993

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि हम श्री अरूण केशरवानी पिता स्व. शिवनारायण केशरवानी उम्र 60 वर्ष एवं श्रीमती अंजनी केशरवानी पति श्री अरूण केशरवानी, दोनो निवासी वार्ड नं.-58, डी.एल.एस. कॉलेज के पास, गली नं.-02, एकता कालोनी, अशोक नगर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के निवासी है, जो कि हमारा पुत्र श्री आदित्य केशरवानी आयु 26 वर्ष ने दिनांक 16.01.2026 को अपनी स्वेच्छा से रूपांजली कश्यप पिता ईश्वरी प्रसाद कश्यप उम्र 26 वर्ष, निवासी-ग्राम-मस्नी कोतरी, जिला-मुंगेली (छ.ग.) से हमारे सामाजिक एवं पारिवारिक रीति-रिवाजों के विरुद्ध स्वेच्छ्या हमें एवं परिवार के अन्य सदस्यों को त्याग कर दूसरे समाज की युवती से विवाह किया है। उक्त विवाह में हमारी कोई सहमति नहीं थी एवं हम इस विवाह को स्वीकार नहीं करते हैं। हम अपने पुत्र के उक्त कृत्य से क्षुब्ध है तथा उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है। हमारा अपने पुत्र को समस्त सामाजिक, पारिवारिक एवं आर्थिक संबंध समाप्त किया जाता है। हमारे पुत्र का हमारी चल-अचल संपत्ति में वर्तमान अथवा भविष्य में कोई अधिकार नहीं रहेगा। यदि भविष्य में हमारे पुत्र अथवा उसकी पत्नी द्वारा कोई कानूनी, आपराधिक, सिविल या अन्य प्रकार की कार्यवाही / विवाद उत्पन्न किया जाता है, तो उसकी कोई भी जिम्मेदारी हम माता-पिता की नहीं होगी। हमारे पुत्र द्वारा किया गया कोई भी ऋण, समझौता, अपराध या दायित्व उसका निजी उत्तरदायित्व होगा। हमारी अनुमति के बगैर कोई भी व्यक्ति हमारे पुत्र आदित्य केशरवानी से वित्तीय लेन-देन न करें। हमारी अनुमति के बगैर यदि उसके द्वारा वित्तीय लेन-देन की जाती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी उसके स्वयं की होगी।

सो सूचना जानें।

दिनांक 19.01.2026

भवदीय
अरूण केशरवानी
श्रीमती अंजनी केशरवानी
मो.7587280297




छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित

सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ

प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### महामाया आईटीआई में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण



**बिलासपुर।** महामाया आई टी आई खमतराई में संस्था के संचालिका संतोषी साहू एवं सचिव एस एल साहू ने ध्वजारोहण किया। श्री साहू ने देश के वीर शहीद जवानों के वीरता को गहराई से समझाया। नागरिकों को भी देश सेवा के लिए प्रेरित किए। इस मौके पर संस्थान के प्रवीण साहू,पी एस राठौर, राजेश साहू, ज्ञानचंद्र साहू, मनोज गौरव, ज्ञानेश्वर, अरुण, अभिनय, अजय, रजत, बलराम, सरिता एवं प्रशिक्षुगण उपस्थित रहे।

### ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल मिशन कैंपस में मना गणतंत्र दिवस समारोह



**बिलासपुर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के मिशन कैंपस में वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, स्कूल की प्राचार्या संगीता मिश्रा ने छात्रों को संबोधित किया। समन्वयिका सीमा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को अनुशासित, जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों द्वारा एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, कविता पाठ और हिंदी और अंग्रेजी दोनों में भाषण शामिल थे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ ।

### कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह




**बिलासपुर।** कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। प्राचार्या रुनकी अम्बष्ट ध्वजारोहण किया। उप प्राचार्य रमन मिश्रा ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा पुनीत पर्व है। हमें अपने देश के लिए त्याग एवं समर्पण की भावना होनी चाहिए। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया। शाश्वत पाटनवार, राजवीर साहु व मलक तिवारी भाषण दिया। गीतिश्री दास ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्राचार्या रुनकी अम्बष्ट, उपप्राचार्य रमन मिश्रा एवं हेमलता शर्मा, अरुणा पाण्डेय, अजय कुमार पाण्डेय व चंद्रेश घृत आदि मौजूद थे।

### रायपुर साहित्य उत्सव में लेखक संजय की पुस्तक प्राकृतिक सजा का विमोचन



**बिलासपुर।** रायपुर साहित्य उत्सव आदि से अनादि मुक्तांगन नवा रायपुर में डॉ विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में बिलासपुर के लेखक संजय सिंह राजपूत की पुस्तक प्राकृतिक सजा का विमोचन सुरजीत नवदीप मंडप मंच पर किया गया। विमोचन के उपरांत छतीसगढ़ राज्य भाषा के पूर्व अध्यक्ष डॉ विनय कुमार पाठक ने कहाँ की इस पुस्तक के पढ़ने से नई पीढ़ी और पाठकगण को संविधान पर विश्वास बढेगा। बिलासपुर की छतीसगढ़ की वीरांगना बिलासा की लेखिका नेहा सिंह राजपूत ने कहा की इस पुस्तक को हर नारी को भी पढ़ना चाहिए। विमोचन के समय मंचासीन लेखक/कवि विवेक तिवारी सहित सैकड़ों कवि और लेखकों ने इस पुस्तक की सराहना की।

### सेजेस सेंदरी में गणतंत्र दिवस पर छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुति



**बिलासपुर।** सेजेस सेंदरी में गणतंत्र दिवस पर सरपंच राजेंद्र ध्रुव, लक्ष्मीकांत शास्त्री, संस्था की प्राचार्या संगीता पांडेय द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन युगल शर्मा एवं साधना शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन किरणबाला पांडेय ने किया।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल सकरी में मना गणतंत्र दिवस



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हिंदी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकरी में गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य**a** अतिथि के रूप में उदय राम साहू उपस्थित रहे तथा विशिष्ट अतिथि में दिलीप करी, अमित भारती, भागीरथी,रवि मेहर,धात्री गुप्ता अतिथि सम्मिलित रहे। प्राचार्य संध्या तिवारी व अन्य अतिथियों के द्वारा ध्वजारोहण किया गया

## स्कूली बच्चों ने दी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति, शहीदों के परिजनों का किया सम्मान

# पुलिस मैदान में मुख्यमंत्री साय ने फहराया तिरंगा







हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

77वां गणतंत्र पर्व जिले में गरिमामय माहौल में उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संभागीय मुख्यालय बिलासपुर के पुलिस परेड मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। दर्शक अपने स्थान पर खड़े हुए तथा वर्दीधारी अधिकारियों ने सेल्यूट किया। मुख्यमंत्री ने शांति के प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाए और हर्षोल्लास और उमंग के प्रतीक तिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े। परेड कमाण्डर प्रशिक्षु आईपीएस अंशिका जैन द्वारा राष्ट्रगान की धुन पर सलामी दी गई। पुलिस एवं नगर सेना द्वारा राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। इस अवसर मुख्यमंत्री ने नक्सल हिंसा में शहीद हुए जवानों के परिजनों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। परेड कमाण्डर के नेतृत्व में पूरे परिधान में सजे हुए 13 प्लाटूनों ने भव्य एवं आकर्षक परेड का प्रदर्शन किया। परेड में सीनियर कैटेगरी में पहला स्थान सशस्त्र पुलिस बल 2री बटालियन सकरी एवं दूसरा स्थान नगर सेना महिला बल को मिला। जूनियर कैटगरी में पहला स्थान सीनियर ब्वायज डिवीजन एनसीसी, दूसरा सीनियर गर्ल्स एनसीसी और तीसरा स्थान जूनियर गर्ल्स विंग्स एनसीसी को मिला। कार्यक्रम में विधायक अमर अग्रवाल, धरमजीत सिंह, धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संभागायुक्त सुनील जैन, आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर संजय अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, एडीएम शिवकुमार बनर्जी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सौरभ सक्सेना एवं मुकुल शर्मा ने किया।

### योजनाओं पर आधारित झांकी का जीवंत प्रदर्शन

जिले के विभिन्न 21 विभागों द्वारा शासन की फ्लैगशीप योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक झांकियों का जीवंत प्रदर्शन किया गया। झांकी में छत्तीसगढ़ में हुए विकास कार्यो पर केन्द्रित शासकीय विभागों और सार्वजनिक उपक्रमों की शानदार झांकी निकाली गई। झांकी में पहला स्थान पुलिस विभाग, दूसरा स्थान केन्द्रीय जेल बिलासपुर, और तीसरा पुरस्कार जिला पंचायत बिलासपुर को मिला। समारोह स्थल में प्रदर्शन के बाद सभी झांकियों का शहर में भ्रमण कराया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक योजनाओं की जानकारी पहुंच सके।

### स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहला पुरस्कार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरगिट्टी, दूसरा आंध्र समाज उच्चतर माध्यमिक शाला और तीसरा स्थान सेजेस तिफरा को मिला। इसके अलावा मास पी.टी. एवं जूम्बा वर्कआउट, नेशनल कान्वेंट भारती नगर शाला की प्रस्तुतियां भी सराहनीय रही।

## चीफ जस्टिस ने किया ध्वजारोहण

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय परिसर में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमाओं पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी। जिसके पश्चात राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। परेड में शामिल सशस्त्र बल, एनएसएस एवं एनसीसी कैडेट्स के उत्साहवर्धन हेतु मार्च पास्ट के दौरान ड्रोन द्वारा पुष्प वर्षा की गई । मुख्य न्यायाधीश ने भव्य परेड की सलामी ली और इसके पश्चात परेड कमांडरों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। तत्पश्चात मुख्य न्यायाधीश ने प्रदर्शनी स्टाल का दौरा किया, जहाँ एनसीसी एयर विंग कैडेटों द्वारा तैयार किए गए विमानों के डेमो मॉडल प्रदर्शित किए गए थे। ध्वजारोहण के उपरांत मुख्य न्यायाधीश ने उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और न्यायालयीन कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी।



### एवीएम सैनिक स्कूल में जागा देशभक्ति का जज्बा




आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल में गणतंत्र दिवस पर विद्यालय प्रांगण देशभक्ति के रंगों से सराबोर दिखाई दिया। राष्ट्रगान पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या जीआर माधुलिका ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलवाई। देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम की विशेषता विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विविध सांस्कृतिक, शैक्षणिक और अनुशासनात्मक गतिविधियाँ रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेजर डॉ. विक्रम रेड्डी चिन्थाकुंटा पूर्व आर्मी मेडिकल ऑफिसर ने विद्यार्थियों को भारतीय सेना, मेडिकल क्षेत्र और राष्ट्र सेवा के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया। मेजर डॉ. रेड्डी ने बताया कि सेना में रहते हुए व्यक्ति देश को भीतर से समझता है और उसकी वास्तविक सुंदरता को महसूस करता है। चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों से कहा कि सच्ची देशभक्ति केवल शब्दों में नहीं, बल्कि अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और अच्छे आचरण में दिखाई देती है। उन्होंने बच्चों को अपने छोटे-छोटे कार्यों के माध्यम से देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के निदेशक एस.के. जनास्वामी ने कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है।

### एनटीपीसी में मना गणतंत्र दिवस समारोह



एनटीपीसी सीपत में परियोजना प्रमुख एवं मुख्य अतिथि स्वपन कुमार मंडल द्वारा तिरंगा ध्वज फहराया गया। ध्वज फहराने के पश्चात बाल भारती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के साथ सामूहिक राष्ट्रगान का गायन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। परियोजना प्रमुख श्री मंडल ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादक कंपनी एनटीपीसी का प्रमुख उद्देश्य देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करते हुए राष्ट्र एवं समाज के विकास में योगदान देना है। उन्होंने सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए एनटीपीसी सीपत के विद्युत उत्पादन एवं कार्य निष्पादन पर विशेष बल दिया तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत टाइनी ब्लॉसम प्ले स्कूल, बाल भवन, दिशा केंद्र, बाल भारती पब्लिक स्कूल, माध्यमिक विद्यालय रलिया, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजी, माध्यमिक विद्यालय देवरी तथा गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीपत के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किए गए। समारोह के दौरान पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिखा मंडल, अध्यक्षा, कपिल सुधाकर कामडी, सुरोजीत सिन्हा ने शुभकामनाएं दी। बाल भवन परिसर में शिखा मंडल द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

### सीवीआरयू में कुलसचिव ने तिरंगा फहराया



डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविंद तिवारी ने तिरंगा फहराया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। समारोह में विवि की संकुलपति डॉ. जयति चटर्जी, इंजीनियरिंग संकाय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार तिवारी, डॉ. शंकर यादव, डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, डॉ. आर.पी. चौधरी सहित विभिन्न संकायों के प्राध्यापक उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनसीसी एवं एनएसएस के कैडेट्स ने परेड प्रस्तुत कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अरविंद तिवारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा और उसके मूल्यों पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, अनुशासन और नैतिकता के माध्यम से ही सशक्त एवं विकसित राष्ट्र का निर्माण संभव है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने का आह्वान किया। संकुलपति डॉ. जयति चटर्जी ने कहा कि युवा शक्ति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों से सामाजिक जिम्मेदारियों को समझते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति के अनेक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

### मार्क इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में किया गया ध्वजारोहण



मार्क इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में वाँ गणतंत्र दिवस पर संस्थान के निदेशक डॉ. कमलेश मौर्य एवं निदेशिका डॉ. रेनुबाला मौर्य के साथ मुख्य अतिथि एड प्रयास के डायरेक्टर विनोद ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें नृत्य एवं गीतों के माध्यम से भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। इन प्रस्तुतियों के जरिए विद्यार्थियों ने भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का सुंदर संदेश दिया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. कमलेश मौर्य एवं निदेशिका डॉ. रेनुबाला मौर्य ने कहा कि ने विद्यार्थियों से देश के प्रति अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने का आह्वान किया। संस्थान के डॉक्टर शर्मा ने बताया कि उनके हास्पिटल में रोगियों का आधुनिक तकनीक से इलाज किया जाता है। इसमें नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य मेडिकल कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिलता है। हमारे यहां पूर्ण प्रशिक्षित स्टाफ के चलते मरीजों को बेहतर सेवा मिलती है। गणतत्र दिवस पर हम सभी को शुभकामनांए देते हैं।

### बिरला स्कूल में लहराया तिरंगा



बिरला ओपन माइडंस इंटरनेशनल स्कूल, मोपका में गणतंत्र दिवस शाला के चेयरमैन डॉ. विशाल कुमार जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रेशु जैन एवं रंजना जैन द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा विद्यालय में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी एवं कला प्रदर्शनी में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण कर उन्हें सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. रेशु जैन ने देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने एवं सविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह में शाला की प्राचार्या सुतापा सरकार, उप-प्राचार्य परितोष कुमार क्षत्री आदि मौजूद थे।

### न्यू जेनरेशन में रक्तदान शिविर




न्यू जेनरेशन संस्थान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में सभी साथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस रक्तदान शिविर का आयोजन बड़े ही सेवा-भाव के साथ किया गया, जिसमें सभी आयुवर्ग के लोगों ने बहुत उत्साह से हिस्सा लिया एवं अब तक का सर्वश्रेष्ठ स्कोर के रूप में रिकॉर्ड 210 यूनिट रक्तदान किया। यह रक्त छत्तीसगढ़ के विभिन्न जरूरतमंद मरीजों के निःशुल्क इलाज हेतु उपलब्ध कराया जाएगा। यह शिविर मानवता, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का एक प्रेरणादायक उदाहरण है। इस दौरान रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया गया। वहीं सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### शैल वस्त्रालय में पहुंचे डॉ. अजय



शैल वस्त्रालय में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. अजय श्रीवास्तव अपनी धर्मपत्नी रश्मि श्रीवास्तव के साथ राष्ट्रध्वज किया। शैल वस्त्रालय की टीम के सदस्यों द्वारा देशभक्ति भाषण, समूह गीत तथा लोक नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियाँ दी। मुख्य अतिथि डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि जब हर नागरिक अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाता है, तभी देश सशक्त और आत्मनिर्भर बनता है। उनके विचारों ने उपस्थितजनों को गहराई से प्रेरित किया। शैल वस्त्रालय की टीम द्वारा किए गए अनुशासित एवं सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की। विनय गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने पूरे कार्यक्रम का वातावरण देशप्रेम, एकता और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।

### सिंधु विद्या मंदिर में डा. शर्मा ने किया ध्वजारोहण



सिंधु विद्या मंदिर स्कूल में ध्वजारोहण मुख्य अतिथि डॉ. समर्थ शर्मा और डॉ. दीपक मेघानी ने किया। उन्होंने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। समिति के अध्यक्ष मनीष लाहोरानी और महामंत्री अमित संतवानी द्वारा शुभकामनायें दी गईं। समारोह में अध्यक्ष मनीष लाहोरानी, अमित संतवानी, मनोहर खटवानी संजय मतलानी, मोहन मदवानी, सुनील आहूजा, रवि बजाज, राज भाटिया, जगदीश सुखीजा, कैलाश श्यामनानी, हीरानंद मेघवानी, मनोज सरवानी, दीपक सिदारा, सचिन चेतानी, मनोहर जैसवानी गिरीश जेठानी, ऋषभ आडवाणी, प्राचार्या जया पृथयानी, हरीश साहू, मनीष लाल पटेल, अंतराम साहू, एलेन खूंटे, नमन साहू, आकाश यादव, नितीश सांडे इत्यादि शामिल रहे।

### न्यू मॉर्डन स्कूल डबरीपारा में बच्चों ने दी प्रस्तुति



न्यू मॉर्डन स्कूल चांटीडीह एवं डबरीपारा में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अभ्यागत डॉक्टर शकुंतला जीतपुरेप्राचार्य किरण सिंह, प्रधानाचार्य विश्वजीत सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया ।सभी विद्यार्थियों को इस अवसर पर मिष्ठान्न वितरण किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के व्याख्याता श्री दिनेश साहू जी ने किया।

### श्री स्पेशल केयर में फहरा तिरंगा



**बिलासपुर।** श्री स्पेशल केयर सेंटर में गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि मंजू मिश्रा एवं संस्था की संस्थापिका डॉ. सुजाता बाजपेई की उपस्थिति में तिरंगा फहराया गया। बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। मुख्य अतिथि मंजू मिश्रा और संस्था की प्राचार्य शिवानी विठालकर ने संस्था के उद्देश्य एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर दीपेश प्रताप सिंह, मनीष मानेश्वर, विजयश्री सैमुअल, चंचल शर्मा, उमेश नवरंग, आरती साहू, नीमा मानेश्वर, पदमा शिवणकर, ज्योति साहू, वर्षा कोरी आदि मौजूद थीं।

### श्रीवास्तव ने किया ध्वजारोहण



कुष्ठ रोगियों के शंकर नगर स्थित ब्रह्म बिहार में केके श्रीवास्तव ने श्रीमती नीरजा श्रीवास्तव के साथ तिरंगा फहरा कर बूंदी सेव का वितरण किया। कुष्ठ रोगियों की अध्यक्ष ने बताया की हमारी तो जिंदगी कट गई है हमें अपने बच्चों की चिंता रहती है की कहीं ये रोग उनको न लग जाए ? इस अवसर पर केके श्रीवास्तव ने जिला प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ शासन से मांग करते हैं की कुष्ठ रोगियों के बच्चों के लिए विशेष अभियान चलाकर उनको रोजगार एवं मूलभूत सुविधाओं के अवसर प्रदान करें। ताकि इनके बच्चों को भिक्षाटन जैसे घृणित कार्यों से मुक्त होकर एक अच्छे नागरिक बन सकें।

### डा. हमीदउल्लाह ने दी सलामी



गणतंत्र दिवस के मोके पर डा. हमीदउल्लाह खान, खिलेस्वर प्रसाद पाटनवर, हीना खान, रिजवाना खान,अर्शमिना खान अधिवक्ता, अलीम अन्सारी शाहिद ने प्रकाश डाला। इस मुबारक मौके पर छात्र- छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। देशभक्ति गीत से पूरा परिसर गूंज उठा। रंग दे बसंती चोला गीत पर बच्चों ने जमकर ठूमके लगाए। भारत माता की जयकारे के नारे लगाए गए। सभी बच्चों को अंत में मिठाई बांटकर उनका उत्साह बढ़ाया गया। डा. हामीद ने बताया कि बच्चे ही कल के भविष्य हैं। आने वाली पीढ़ी को संवारना हमारा दायित्व है। इसके लिए उन्हें शिक्षित बनाना जरूरी है।


Ref. NO20/TIPR/BSP Dated: 27/01/2026

**Tagore Institute of Pharmacy and Research**
**(Run by Swargiya Usha Devi Educational Society)**

**Requirement**

Application are invited for the Post notified below:-

| Sl. No. | Principal | 01 |
|---|---|---|
| TEACHING | Professor, Associate Professor, Assistant Professor- (Pharmacognosy, Pharmacology, Pharmaceutics, Medicinal Chemistry) / Lecturer | |
| NON-TEACHING | Librarian-1,Accountant-1, Sport Officer-1, Lab Technician- 2, Peon-2 | |

*Qualification, Experience & Salary as per PCI/State Govt. Norms.
*Interested candidates send mail their resume alongwith relevant documents to tiprpharmacy@gmail.com preferably within 30 Days.

**Turkadih Bypass Road, Near Sakri Thana, Sakri, Bilaspur (C.G.)**

## खबर संक्षेप

### सौतेले भाई ने युवक पर किया चाकू से हमला

**बिलासपुर।** सौतेले भाई ने अपने ही भाई के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, झोपड़ापारा निवासी गोविंद कोसले पिता रमेश कोसले 25 जनवरी को रेलवे स्टेशन बारह खोली में लंगर बंटने पर खाना लेने गया था। इसी दौरान वहां उसका सौतेला भाई राजा कोसले मिला और गाली गलौज करते हुए मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### लड़की का वीडियो बनाने पर छात्र को पीटा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** डांस में लड़की का वीडियो बनाने पर युवकों ने छात्र के साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, सेंदरी स्कूल के कक्षा 11 वीं का छात्र दोस्तों के साथ 26 जनवरी को कछार स्कूल में प्रोग्राम देखने गया था। डांस के दौरान एक लड़की ने उसे अपना मोबाइल देकर डांस करते हुए वीडियो बनाने के लिए कहा। वह लड़की का वीडियो बना रहा था। इसी दौरान दुर्गेश भोई, रितिक भोई, हेमलाल साहू ने वीडियों क्यों बना रहे हो कहते हुए उसके साथ जमकर मारपीट कर दी।

### दो सूने मकानों से जेवर सामान पार

**बिलासपुर।** चोरो ने दो सूने मकानों में धावा बोलकर जेवर सहित अन्य सामान चोरी कर लिया गया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, विजयापुरम अटल आवास निवासी मनीषा श्रीवास शहर से गई हुई है। मकान की देखरेख उसकी मां गनियारी घोंघाडीह निवासी जमंतरी श्रीवास करती है। सूने मकान का फायदा उठाकर चोरो ने उक्त मकान से चांदी के जेवर, बैंक पासबुक, एटीएम, स्कूटी के कागजात, एसी का डिब्बा सहित 50 हजार का सामान चोरी कर लिया। दूसरी घटना में सकरी पुलिस के अनुसार सहगल गली निवासी राजकुमारी कश्यप की घुरू सिद्धी विनायक नगर में एक और मकान है। सूने मकान का फायदा उठाकर चोरों ने उक्त मकान से 5 फेन, 27 नग नल की टोटी, 3 पीतल का सावर, बर्तन सहित 75 हजार का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने दोनों मामले में अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बिल्डर से मारपीट कर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** शराब पीने से मना करने पर बिल्डर के साथ युवकों ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बिल्डर देवर्षि बाजपेयी पिता रतिन्द्र बाजपेयी का खमतराई तीन पुलिया के पास प्लाट है। 25 जनवरी की रात 8.30 बजे वे अपने प्लाट गए तो कुछ लड़के आग तापते हुए शराब पी रहे थे। उन्होने मना किया तो लड़के चले गए। उसके बाद 4 से 5 युवक आए और मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया है। मारपीट के दौरान उनकी सोने की चेन, 4 हजार रुपए कहीं गिर गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

राशि खर्च करने के बाद वहां से जितनी आय निगम को होनी चाहिए उतनी नहीं हो रही

# आय बढ़ाने कई प्रोजेक्ट पर खर्च किए 200 करोड़, अब वही निगम के लिए बन गए बोझ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लंबे समय से आर्थिक तंगी से जूझने के बाद नगर निगम ने अपनी आय बढ़ाने के लिए दर्जनों प्रोजेक्ट शुरू किए लेकिन उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। आम जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा निगम की आय बढ़ाने के लिए खर्च तो कर दिया, लेकिन उस राशि को खर्च करने के बाद वहां से जितनी आय निगम को होनी चाहिए उतनी नहीं हो रही है। ऐसे में अब निगम की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े होने लग गए हैं। निगम के कुछ बड़े प्रोजेक्ट जिन पर करोड़ों रुपए खर्च हुए हैं, उनमें एसटीपी, मल्टीलेवल पार्किंग, शहर के विभिन्न जगहों पर बनाई गईं दुकानें जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। इसके अलावा कई ऐसे प्रोजेक्ट हैं जो आज निगम संचालित तो कर रहा है लेकिन उनसे आय नहीं हो रही है।

## एसटीपी, मल्टीलेवल पार्किंग, शहर की विभिन्न जगहों पर बनाई गईं दुकानें जैसे प्रोजेक्ट शामिल








### मल्टीलेवल पार्किंग खाली पड़ी

कलेक्टोरेट और सिटी कोतवाली परिसर में लगभग 40 हजार वर्गफीट में दो मल्टीलेवल कार पार्किंग का निर्माण किया गया है। करीब 40 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए मल्टीलेवल कार पार्किंग में बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर के अलावा दो फ्लोर और बनाया गया है। जिसमें 257 कार और 333 बाइक पार्किंग की क्षमता है लेकिन आलम यह है कि कलेक्ट्रेट से लेकर जिला न्यायालय और जिला पंचायत कार्यालय के बाहर रोड पर गाड़ी पार्क किए जा रहे हैं, जबकि कलेक्टोरेट से बमुश्किल 50 मीटर के दायरे में इस बड़े मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया जा चुका है। प्रशासन ने पहले यहां गाड़ियां खड़ी करने के लिए शुल्क तय किया था जो कि अब फ्री कर दिया गया है। अब इसका मेंटेनेंस भी निगम को करवाना पड़ रहा है तो यहां दो स्टाफ रखे गए हैं जिसका खर्चा निगम और स्मार्ट सिटी उठा रही है। कोतवाली की पार्किंग भी खाली ही रहती है।

### विज्ञापन एजेंसियां लगा रही चूना

नगर निगम विज्ञापन से भी आय अर्जित करता है, लेकिन शहर में अवैध तरीके से होर्डिंग्स लगाए जा रहे हैं। बस स्टैंड, गार्डन व अन्य जगहों पर विज्ञापन से निगम को आय नहीं हो रही है। सिटी बस ज्यादातर खराब हो गई हैं। कुछ बसें चल रहीं, लेकिन निगम कर्मचारियों के खर्चे भी नहीं निकाल पा रहा है। जोन कार्यालयों के माध्यम से कराए गए सर्वे में नगर निगम एरिया के अंदर 300 से अधिक अवैध होर्डिंग चिन्हित किए गए हैं। ये होर्डिंग उन एडवरटाइजर्स के हैं, जिन्होंने निगम से लाइसेंस तो लिया है, परंतु वह सीमित होर्डिंग का ही शुल्क चुकाते हैं, जबकि 80 से 85 फीसदी इनके अवैध होर्डिंग हैं।

### 65 करोड़ की एसटीपी से कमाई नहीं

अरपा नदी में जाने वाले नालों के गंदे पानी को एसटीपी से साफ कर उद्योगों को बेचने के लिए निगम ने 2018 में प्रस्ताव तैयार किया। दो मुहानी और चिल्हाटी में 65 करोड़ रुपए खर्च करते चिल्हाटी में 17 एमएलडी तथा दोमुंहानी में 54 एमएलडी के एसटीपी की स्थापना की गई है। विडंबना है कि प्रोजेक्ट के संचालन के 12 साल बाद भी एसटीपी की पूरी क्षमता का उपयोग नहीं हो पा रहा है। उक्त संयंत्रों से क्रमशः 1.5 एमएलडी और 2.5 एमएलडी दूषित जल का ही उपचार किया जा रहा है। इस पानी को एनटीपीसी को बेचकर कमाई करने की भी योजना बनी थी जो कि कागजों से बाहर नहीं आ सकी। 5 साल बाद भी अनुबंध नहीं हो सका है।

### निगम की दुकानें हो रहीं कबाड़

निगम द्वारा बनवाई गई ज्यादातर दुकानें बिक ही नहीं रही हैं। आरके नगर, मोपका, तिफरा में दुकानों के आबंटन के लिए कई बार टेंडर निकाला गया लेकिन हर बार गड़बड़ी या दूसरे कारणों से इसमें समस्या आती रही है। इसके अलावा अन्य दुकानों से भी निगम को उम्मीद के अनुसार आय नहीं हुई। जबकि इन दुकानों के निर्माण पर निगम ने 50 करोड़ से ज्यादा का खर्च किया है। नेहरू नगर में निगम ने महिला समृध्दि बाजार बनाया है। दुकानों को किराए से दिया भी गया है लेकिन इसका किराया निगम को सालों से नहीं मिल रहा। निगम ने 14 दुकानों को सील भी किया है।

### आवंटन पूरा कर लिया गया है

दुकानों का आबंटन लगभग पूरा कर लिया गया है। कुछ दुकानें खाली हैं जिनके लिए नए सिरे से टेंडर निकाला जा रहा है। दुकानों का समय पर किराया नहीं जमा करने वालों को नोटिस जारी किया जा रहा है। होर्डिंग्स लगाने वाले और विज्ञापन एजेंसियों को भी डिमांड नोट जारी किया गया है। मल्टीलेबल पार्किंग ट्रैफिक व्यवस्था के लिहाज से जरूरी है। शहरवासियों को इसका उपयोग करना चाहिए। इससे वे पेनाल्टी की कार्रवाई से भी बच सकते हैं।

**- खजांची कुम्हार**
अपर आयुक्त

## 50 करोड़ का काम प्रभावित




# 300 से अधिक बैंक के कर्मचारी रहे हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

5 डे वर्किंग की मांग को लेकर देशभर समेत बिलासपुर में भी 300 से अधिक बैंक के कर्मचारी हड़ताल पर हैं। बैंकों में ताले लटके हुए मिले और प्रदर्शन किया गया। बैंकों में यह लगातार चौथे दिन काम नहीं हुआ जिससे लोग परेशान हुए। करीब 50 करोड़ का काम प्रभावित हुआ। ध्यान रहे कि इससे पहले शनिवार, रविवार के साथ गणतंत्र दिवस पर सोमवार को छुट्टी थी। ऐसे में बैंक से जुड़े काम नहीं हो पाए।

- 5 डे-वर्किंग की मांग
- ठप रहीं सेवाएं

दरअसल, यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने सप्ताह में 5 दिन काम प्रणाली को तुरंत लागू करने की एक सूत्रीय मांग को लेकर 27 जनवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया। इसका असर जिले में भी साफ तौर पर दिखा।इससे आम लोगों को परेशानी बढ़ गई है।

### लगातार चौथे दिन बैंकिंग सेवाएं ठप

बता दें कि, पिछले 4 दिनों से लगातार बैंकिंग सेवाएं बाधित हैं। 24 जनवरी को दूसरा शनिवार, 25 जनवरी को रविवार और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के कारण बैंक पहले ही बंद थे। अब 27 जनवरी को हड़ताल के चलते ग्राहकों को कैश लेन-देन, चेक क्लियरेंस और अन्य बैंकिंग काम में परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि अधिकांश सरकारी बैंकों ने हड़ताल को लेकर अपने ग्राहकों को पहले ही अलर्ट जारी कर दिया था। वैकल्पिक माध्यमों जैसे नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और एटीएम का उपयोग करने की सलाह दी गई थी।

हालांकि, प्राइवेट बैंक खुले रहे। खास तौर फाइनेंस वाले बैंकों में रोजाना की तरफ काम हुआ। बैंक कर्मचारियों ने कहा कि सरकार हमारी बात नहीं मान रही है इसलिए हम लोग एक दिन का वेतन कटवाकर हड़ताल कर रहे हैं।

### 12 सार्वजनिक बैंकों की सेवाएं प्रभावित रहीं

बैंक अधिकारियों के मुताबिक जिले में करीब 300 बैंक शाखाएं प्रभावित हैं। इसमें करीब 3 हजार बैंक अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन ओवरसीज बैंक समेत 12 सार्वजनिक बैंकों की सेवाएं प्रभावित रहीं। हालांकि, इस हड़ताल का असर निजी बैंकों पर नहीं पड़ा। एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, एक्सिस, कोटक महिन्द्रा, यस बैंक, आईडीएफसी और बंधन सामान्य रूप से खुले रहें और यहां बैंकिंग सेवाएं जारी रहीं।

# ज्वेलरी शॉप व तीन मकानों में चोरी का पर्दाफाश, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीसीटीवी फुटेज से ज्वेलरी शॉप व तीन सूने मकानों में चोरी करने वाले 4 युवकों को पकड़ने में सिविल लाइन पुलिस को सफलता मिली है। चारों युवकों के कब्जे से साढ़े चार लाख के जेवर व नकद रकम जब्त किया गया है। पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

- साढ़े चार लाख व नकद जब्त

24 जनवरी की रात मंगला बस्ती के आगे मां ज्वेलरी शॉप का शटर तोड़कर सीसीटीवी कैमरे में पालिथीन व कपड़ा लगाकर जेवर चोरी कर लिया गया था।

आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज निकालकर आसपास के लोगों से पहचान कराई तो एक युवक की पहचान हो गई। उसके आधार पर पुलिस मंगला आजाद में संदिग्ध के घर दबिश देने गई तो घर के पास आग ताप रहे संदिग्ध सहित दो युवक भागने लगे। दूसरी ओर से आ रहे पुलिसकर्मियों ने भागते हुए दोनों युवकों को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर दोनों ने अपने अन्य दो साथियों के साथ ज्वेलरी शॉप में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। उनकी निशानदेहीं पर पुलिस ने रतनपुर परसदा से उनके दोनों साथियों को पकड़ लिया। पूछताछ में चारों ने ज्वेलरी शॉप के अलावा, शुभम विहार सनसिटी, कुदूदण्ड चांदनी चौक, आकाश मार्ग मैत्री विहार कालोनी के सूने मकानों में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। उनके कब्जे से साढ़े चार लाख रुपए 1 किलो चांदी, सोने के आर्टिफिशियल जेवर, नकद रकम जब्त कर लिया है। पुलिस ने चारों युवकों गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### पकड़े गए आरोपी

- सोनू उर्फ शिवा सूर्यवंशी पिता स्व. विश्वनाथ सूर्यवंशी 20 साल आजाद चौक मंगला
- राहुल सूर्यवंशी पिता राजेश सूर्यवंशी 19 साल आजाद चौक मंगला
- आदित्य सूर्यवंशी पिता सुखनाथ सूर्यवंशी 19 साल आजाद चौक मंगला
- नंद कुमार केंवट पिता सहोरिक केंवट 19 साल पटेल भवन मंगला

### नाली में छिपाकर रखे थे जेवर

ज्वलेरी शॉप में चोरी करने के बाद चारों युवक मंगला पेट्रोल पंप के पीछे गए और जेवर आपस में बाट लिया। दो युवकों ने अपने हिस्से के जेवर पोलोथीन में बंधकर नदी में छिपा दिया था। पुलिस ने नाली के अंदर से जेवर निकालकर बरामद किया है। वहीं दो युवक जेवर अपने साथ ले गए थे।




# सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल सीवीआरयू के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गवर्नमेंट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बिलासपुर और डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के बीच शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में आपसी सहयोग को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है। इस एमओयू का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना तथा चिकित्सा सेवाओं और शोध गतिविधियों को नई दिशा देना है।

एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी, सम कुलपति डॉ जयति चटर्जी, गवर्नमेंट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट सह ज्वाइन डायरेक्टर डॉ. भानु प्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ प्रोफेसर और हेड रेडियोलॉजी डॉ. अर्चना सिंह सहित दोनों संस्थानों के अधिकारी, चिकित्सक, प्राध्यापक मौजूद थे। समझौते के अंतर्गत डॉ. रमन विश्वविद्यालय के मेडिकल, पैरामेडिकल, नर्सिंग, फिजियोथेरेपी, फार्मेसी एवं अन्य स्वास्थ्य विज्ञान पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को गवर्नमेंट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में क्लिनिकल ट्रेनिंग, इंटर्नशिप एवं प्रायोगिक अनुभव प्राप्त होगा। इससे विद्यार्थियों को आधुनिक चिकित्सा तकनीकों, मरीजों के प्रत्यक्ष उपचार तथा अस्पताल कार्यप्रणाली की व्यवहारिक समझ विकसित होगी। कुलसचिव डॉक्टर अरविंद तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख और व्यवहारिक शिक्षा प्रदान करना है। गवर्नमेंट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के साथ किया गया। यह एमओयू विद्यार्थियों के कौशल विकास में मील का पत्थर साबित होगा। समकुलपति डॉ जयति चटर्जी ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय और अस्पताल के बीच समन्वय को मजबूत करेगा। विद्यार्थियों को वास्तविक कार्य अनुभव मिलेगा और अस्पताल को प्रशिक्षित मानव संसाधन का सहयोग प्राप्त होगा। आने वाले समय में संयुक्त शोध और सामाजिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों से समाज को सीधा लाभ पहुंचेगा। मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ. भानु प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को आधुनिक चिकित्सा संसाधनों से जोड़कर हम उन्हें बेहतर स्वास्थ्यकर्मी बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। इससे क्षेत्र की चिकित्सा सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। प्रोफेसर एंड हेड रेडियोलॉजी डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि डॉ. रमन विश्वविद्यालय में स्थापित भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र एवं हर्बल गार्डन की उपयोगिता का लाभ गवर्नमेंट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल को भी मिलेगा। इससे आयुष, हर्बल एवं समग्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में संयुक्त अध्ययन और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को आधुनिक चिकित्सा के साथ जोड़ने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित होगी। इस अवसर पर डिप्टी रजिस्ट्रार नीरज कश्यप, डिप्टी रजिस्टार डॉ अभिषेक शुक्ला, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ अभिषेक पाठक, डॉ आशीष पांडे उपस्थित रहे।

# मासूम बच्ची से दरिंदगी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घर के सामने छोटे भाई के साथ खेल रही 6 साल की मासूम बच्ची को शादीशुदा व्यक्ति बेर खिलाने व मछली पकड़ने के बहाने नदी किनारे ले गया। झाड़ियों में बच्ची के साथ अनाचार करने के बाद भाग गया। गंभीर हालत में बच्ची जब घर पहुंची तो घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने दरिंदे को गिरफ्तार कर लिया है।



गिरफ्तार आरोपी।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार क्षेत्र में रहने वाला एक परिवार बच्चों सहित रहता है। 25 जनवरी की शाम 5 बजे 6 साल की मासूम बच्ची अपने छोटे भाई के साथ खेल रही थी। पिता काम पर गया हुआ था। इसी दौरान लगरा निवासी चंदू कुमार केंवट पिता गणेश केंवट 32 साल आया और बच्ची को बेर खिलाने व मछली पकड़ने जाने के लिए कहा। चंदू कुमार केंवट परिचित था, जिससे मासूम बच्ची उसके साथ चली गई।

नदी किनारे ले जाकर झाड़ियों में उसके साथ अनाचार किया और रोती बिलखती बच्ची को छोड़कर भाग गया। बच्ची की स्थिति गंभीर थी। परिजन ने सरकण्डा थाने में घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 64, 87 व 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी चंदू कुमार केंवट को गिरफ्तार कर लिया है।

### एटीएम में तोड़फोड़ कर चोरी की कोशिश

**बिलासपुर।** एटीएम तोड़कर चोरी करने की कोशिश करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, बन्नाक चौक स्थित एटीएम में चोरी करने की नीयत से तोड़फोड़ किया गया है। मशीन नहीं टूटने से चोरी नहीं हो पाई है। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक साइकिल से आकर तोड़फोड़ करते हुए नजर आ रहा है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कार की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**बिलासपुर।** तेज गति से चल रही कार की टक्कर से ग्रामीण की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, ग्राम बरर निवासी केवल सिंह पेंद्रो 50 साल मंगलवार को घर के पास टहल रहे थे। इसी दौरान अज्ञात तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मारकर भाग गया। हादसे में केवल सिंह की मौत हो गई है। पुलिस कार के पतासाजी में जुट गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

धान खरीदी के आखिरी तीन दिन शेष

# 857 किसानों का सत्यापन बाकी, टोकन की लिमिट बढ़ाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी को अब अंतिम तीन दिन शेष रह गए हैं।

- 61 सौ किसानों ने किया टोकन के लिए आवेदन

मंगलवार को जिले से 61 सौ किसानों द्वारा धान बेचने के लिए टोकन जारी करवाने आवेदन दिया गया था, जिसके अंतर्गत 52 सौ किसानों का सत्यापन किया गया। 857 किसानों का सत्यापन शेष है। 15 नवंबर से प्रारंभ की गई धान की खरीदी अब केवल तीन दिनों तक और की जाएगी। 30 जनवरी को धान खरीदी का अंतिम दिन है। प्रशासन के अनुसार सभी खरीदी केंद्रों में खरीदी के लिए टोकन की लिमिट बढ़ाई गई है, जिससे किसानों को दिक्कत नहीं होगी। मंगलवार की स्थिति में धान बेचने के लिए शेष किसानों में से 6 हजार 166 लोगों ने टोकन के लिए उपार्जन केंद्रों में आवेदन प्रस्तुत किया था। इसके अंतर्गत 5 हजार 259 किसानों के भौतिक सत्यापन किए गए थे। इसी तरह 857 किसान अब भी भौतिक सत्यापन के लिए शेष हैं। जिन किसानों से सत्यापन के दौरान मौके पर धान की उपलब्धता नहीं पाई जा रही है उन किसानों द्वारा अपना रकबा समर्पण भी किया जा रहा है। ध्यान रहे कि प्रशासन द्वारा दूसरे जिलों से भी धान के अवैध आवागमन को रोकने के उद्देश्य से जिले में आठ स्थानों पर बैरियर लगाए गए थे।

### पांच राइस मिल सील, 57 करोड़ का धान जब्त

इस साल की धान खरीदी में प्रशासन ने चौतरफा कार्रवाई की है। न केवल छोटे स्तर के बिचौलियों, बल्कि मगरमच्छों को भी निशाने पर लिया गया है। प्रशासन ने राइस मिलों में भी लगातार छापामार कार्रवाई कर बड़ा संदेश दिया है। इसके अंतर्गत कोटा के हरिकिशन फूड्स नामक राइस मिल से साढ़े सात करोड़ का धान, केसला बिल्हा से गायत्री फूड प्रोडक्ट से पौने सात करोड़ का धान, अमरनाथ एग्रो सिरगिट्टी से पौने सत्रह करोड़ का धान एवं खपरी तखतपुर से सर्वाधिक 25 करोड़ का धान जब्त किया गया है। प्रशासन ने सभी मिलों को सील करते हुए कुल 57 करोड़ का धान जब्त किया है।

### टोकन के लिए हर रोज मारामारी

इस साल धान खरीदी के प्रारंभ से सरकार ने टोकन जारी करने को लेकर कंजूसी दिखाई है। उपार्जन केंद्रों को प्रतिदिन की खरीदी लिमिट ही इतनी कम दी गई कि खरीदी के अनुपात में टोकन काटे ही नहीं जा सके। लिहाजा किसानों को लिमिट बढ़ने के इंतजार में बैठे रहना पड़ा।

### आसानी से हो रही खरीदी

61 सौ किसानों ने टोकन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। इनमें से 52 सौ के सत्यापन किए गए हैं। करीब 9 सौ किसान सत्यापन के लिए शेष हैं। उपार्जन केंद्रों में खरीदी की लिमिट भी बढ़ाई गई है, जिससे सारे किसानों से धान खरीदी आसानी से हो सकेगी।

-उपेंद्र कुमार, डीएमओ



## खबर संक्षेप

### शिशु मंदिर विवेक विहार में की गई भारत माता की पूजा



**मुंगेली।** सरस्वती शिशु मंदिर विवेक विहार में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह के अध्यक्ष चंद्रेखर शर्मा, मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य दुर्गा उमाशंकर साहू, वर्तमान सरपंच ग्राम भूसून्डी, विशष्ट अतिथि सदस्य विवेकानंद बाल कल्याण समिति मुकेश उपाध्याय उपस्थित रहे।

### विद्यालय के छात्र अपनी प्रतिभा का हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें



**मुंगेली।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने मां सरस्वती, भारत माता एवं महात्मा गांधी के छायाचित्र की पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एसएमडीसी अध्यक्ष रामशरण यादव ने ध्वजारोहण किया। शाला प्राचार्य डॉ आईपी यादव सहित वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, विद्यालय के छात्र अपनी प्रतिभा का हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें।

### लोकतांत्रिक परंपराओं और राष्ट्रीय एकता के प्रति निष्ठा बनाए रखने का दिया संदेश



**मुंगेली।** जिले में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और गौरवपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इसी कड़ी में जिला पंचायत परिसर में आयोजित समारोह में अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान के मूल्यों, लोकतांत्रिक परंपराओं और राष्ट्रीय एकता के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यालय में शान से फहराया गया तिरंगा



**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अटल परिसर में विधायक एवं पदाधिकारी की उपस्थिति में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी द्वारा ध्वज फहरा कर तथा कार्यकर्ताओं को मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, वरिष्ठ नेता गिरीश शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक, द्वारिका जायसवाल, प्रेम आर्य, राणा प्रताप सिंह, सुनील पाठक, कोटू दादवानी, किशोरी केशरवानी, अमितेश आर्य, लेखू साहू, मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी, महामंत्री महावीर सिंह, मन्नू लाल श्रीवास्तव, राकेश साहू, रवि साहू, गोखलेश सिंह, आसिफ खोखर, रमेश बुनकर, मिथिलेश केशरवानी, प्रवीण सोनी, राजू वाधवा, होरी सोनकर, वासु देवांगन, निमेष देवांगन, विजय बंजारा, विजय यादव, रोशन सोनी, सत्तू देवांगन, रितिमा लाल, श्वेता सोनी, लवन डाहिरे, पंकज सोनी, दिनेश बुनकर, असलम खान एवं कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थिति रहे। यह जानकारी जिला प्रभारी रामशरण यादव ने दिया।

### कस्तूरबा कन्या शाला में मना 77वां गणतंत्र दिवस

**मुंगेली।** स्थानीय कस्तूरबा महिला कल्याण आश्रम समिति की ओर से संचालित कस्तूरबा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में 77वें गणतंत्र दिवस बहुत ही गरिमामय ढंग से संपन्न किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के संरक्षक डॉक्टर सुनील सोनी ने किया। साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में संदीप कोटडिया उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नंदू गुप्ता रहे। परिचय एवं स्वागत के पश्चात विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत व भाषण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संदीप कोटडिया कहा कि, विद्यालय को जो भी आवश्यकता होगी, उसकी पूर्ति हम करेंगे। विद्यालय का उत्तरोत्तर विकास हो, यही हम ईश्वर से कामना करते हैं। अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर सुनील सोनी ने कहा कि, सबसे ज्यादा ध्यान हमें अपने स्वास्थ्य पर रखना चाहिए। समय–समय पर कैंप का आयोजन किया जाएगा। संचालन एवं आभार व्यक्त प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य ब्रह्मदत्त त्रिपाठी ने किया। अंत में मिष्ठान्न वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## देशभक्तिपूर्ण वातावरण में मना स्वाधीनता दिवस, जगह-जगह हुए विविध आयोजन

# कार्य के प्रति ईमानदारी ही होगी देश की सच्ची सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

### मुंगेली जिले के मुख्य समारोह में विधायक मोहले ने दी परेड को सलामी

जिले में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विधायक पुन्नूलाल मोहले जिला मुख्यालय मुंगेली स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया और शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली।

मुख्य अतिथि श्री मोहले ने कलेक्टर कुन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के साथ परेड कमांडर ख्रीष्ट नरगिस तिग्गा बघेल एवं परेड उप कमांडर कार्तिकेश्वर जांगड़े के नेतृत्व में प्लाटून दलों ने आकर्षक मार्चपास्ट किया। इस अवसर पर वनमंडल अधिकारी अभिनव कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री नवनीत कौर एवं मयंक तिवारी, अपर कलेक्टर जीएल यादव, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा एवं सारिका मित्तल, एसडीएम मुंगेली अजय शतरंज, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा, गणमान्य नागरिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, विभिन्न मीडिया के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में लोग और स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। समारोह में विधायक मोहले ने जिले के वीर शहीदों के शहादत को नमन करते हुए उनके परिजनों को सम्मानित किया। उन्होंने शहीद धनंजय सिंह राजपूत, छत्रधारी जांगड़े, आर आनंद सिंह राठौर, संतोष पहारे, नरेन्द्र साहू, प्लाटून कमांडर राजकुमार कश्यप के परिवारजनों को शाल और श्रीफल प्रदान किया और कुशलक्षेम पूछा। मुख्य समारोह में जिले के 10 स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। महंत जगन्नाथ दास शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल लोरमी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा, सरस्वती शिशु मंदिर लोरमी, रेम्बो मेमोरियल अंग्रेजी माध्यम स्कूल मुंगेली, सेजेस बीआर साव स्कूल मुंगेली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला करही, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पथरिया, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय चातरखार के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और मनमोहक प्रस्तुति दी। साथ ही मलखम्ब एकेडमी विद्यार्थियों ने मलखम्ब का प्रदर्शन किया। जिला पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, महिला बाल विकास, सहकारिता, समाज कल्याण, उद्यानिकी, वन, यातयात पुलिस, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, मत्स्य पालन, नगर पालिका, आदिवासी विकास, पशुधन सहित विभिन्न विभाागों द्वारा योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर आधारित आकर्षक झांकी प्रस्तुत किया गया। झांकी में प्रथम स्थान स्वास्थ्य विभाग, द्वितीय स्थान पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग तथा तृतीय स्थान पुलिस विभाग ने प्राप्त किया। व्याख्याता अशोक सोनी और शिक्षक रामपाल सिंह ने मंच का संचालन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पथरिया ने प्रथम स्थान, सेजेस बीआर साव स्कूल मुंगेली ने द्वितीय स्थान और कस्तूरबा आवासीय विद्यालय चातरखार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। झांकी में प्रथम स्वास्थ्य विभाग, द्वितीय पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग और तृतीय स्थान पुलिस विभाग, मार्च पास्ट एवं परेड में सीनियर वर्ग में प्रथम जिला पुलिस बल–1, द्वितीय जिला पुलिस बल–3 तृतीय जिला पुलिस बल–2 तथा जूनियर वर्ग में एनसीसी बालक स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम बी आर साव स्कूल मुंगेली ने प्रथम स्थान, एनएसएस शासकीय नगर पालिका उच्चतर माध्यमिक शाला मुंगेली ने द्वितीय स्थान और एनएसएस बालिका स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम बी आर साव स्कूल मुंगेली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।





मुख्य समारोह में परेड को सलामी देते विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं कलेक्टोरेट में पूजा अर्चना करते कलेक्टर।

### कलेक्टर बोले- शासकीय सेवक के रूप में निष्ठापूर्वक करें उत्तरदायित्वों का निर्वहन

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

उन्होंने कहा कि, देश के वीर शहीद जवानों को याद करने और देश की सेवा के लिए सत्यनिष्ठा के साथ संकल्प लेने का दिन है। कलेक्टर ने कहा कि, हमें शासकीय सेवक के रूप में अपने उत्तरदायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए। देश की सेवा तभी सार्थक होगी, जब हम अपने कार्य के प्रति पूरी ईमानदारी और गंभीरता बरतें। हमें मिलकर टीम भावना से कार्य करते हुए जिले को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। उन्होंने सभी शासकीय सेवकों को कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अपर कलेक्टर जीएल यादव, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## सोढ़ार पंचायत में बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी



धरमपुरा। ग्राम पंचायत सोंढार में 77 वे गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें सरपंच सुनीता बजरंग राजपूत के द्वारा ग्राम पंचायत भवन एवं स्कूल भवन में ध्वजारोहण किया गया एवं स्कूल के मेघावी छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार वितरण में मेडल एवं शील्ड प्रदान किया गया स्कूल में बच्चों के द्वारा बहुत ही सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर ग्राम पंचायत सोंढार के सरपंच सुनीता बजरंग राजपूत, उपसरपंच तीजन धुव्र, सरपंच प्रतिनिधि बजरंग राजपूत, सचिव पंचराम साहू, रोजगार सहायक तारकेश्वर सिंह,पंचगण हीरालाल ठाकुर, सुनीता राजपूत, अंजनी राजपूत,बिरझा पाटले,किरण साहू, रामप्रसाद साहू, कुलदीप लहरें, कामनी कुर्रे, राजेश्वरी साहू, दुर्गारानी गंधर्व, धनेश टंडन, एवं ग्रामवासियों व शिक्षक उपस्थित थे।
अनुराग व्ही. एम इंग्लिश हिन्दी मीडियम स्कूल में बड़े हर्षोल्लास के साथ 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया ।

बच्चों का प्रभात रैली बस स्टैंड से बजरंग मंदिर तक बाजे गाजे के साथ भ्रमण कराया गया तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का बच्चों के द्वारा रंगारंग प्रस्तुति किया गया कक्षा 7वीं के छात्रा कु. मेघा कश्यप द्वारा छत्तीसगढ़ माता के वेशभूषा पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया इसी प्रकार से अन्य बच्चों के द्वारा प्रस्तुति दिया गया सर्व प्रथम माँ भारतीय एवं महापुरुष कि प्रतिमा पर धुप दीप प्रज्वालित कर कार्यक्रम कि शुरुवात संस्था प्रमुख सुभद्रा कश्यप एवंअतिथियो के द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन जोजलीन मैडम ने की तथा आभार आशुतोष कुमार राज कश्यप ने किया इस अवसर पर लक्ष्मी मानिकपुरी, सोनालिका कश्यप, हेमलता कश्यप, भारत भूषण कश्यप, अनुराग कश्यप, मनोज साहू सहित अन्य जन उपस्थित रहे।ग्राम पंचायत दशरंगपुर में पंचायत भवन प्राइमरी स्कूल मिडिल स्कूल स्वास्थ्य केंद्र में ध्वजारोहण सरपंच लक्ष्य लक्ष्मीचंद गोददा मोहले ने किया । हाईस्कूल में जनभागीदारी अध्यक्ष मानसिंह मोहले ने ध्वजारोहण किया।इस अवसर पर स्कूल स्टाफ ,उप सरपंच रिखी राम साहू,रूपेश मोहले,मुकेश आनंद, राजकुमार साहू,जागेश्वर साहू,प्रमोद यादव घनश्याम यादव,राधे यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।ग्राम खेड़ा के प्राथमिक पाठशाला तथा मिडिल का संयुक्त कार्यक्रम स्कूल परिसर में बड़े धूम धाम से गणतंत्र दिवस के समारोह का आयोजन हुआ । अतिथियों द्वारा झंडारोहण पश्चात बच्चो द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति हुई। प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर पूर्व सरपंच भूपेंद्र शर्मा द्वारा अपने माँ स्व श्रीमती द्रौपती शर्मा की स्मृति में शाला के 5 वी एवं 8 वी कक्षा में प्रथम स्थान लाने वाले बच्चे को। पुरस्कार दिया गया तथा आने वाले वर्ष में भी शाला में 5 वी एवम 8 वी में प्रथम स्थान लाने बच्चों को 1000-1500 रु की राशि से पुरस्कृत करने की घोषणा किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सतीष पाण्डेय , भूपेंद्र शर्मा(उपाध्यक्ष भा ज यू मो- पूर्व सरपंच) , सरपंच श्रीमती रोहिणी-द्वारिका श्रीवास उप सरपंच श्रीमती गंगोत्री साहू संतोष पांडेय, देवेंद्र शर्मा , सुरेश शर्मा , निरंजन ध्रुव, सूरज शर्मा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।

## समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है भारतीय संविधान

**पेंड्रा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गजमती भानु ने प्रस्तावित जिला कांग्रेस कार्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। इस अवसर पर गजमती भानु ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के संदेश का पाठन किया। उन्होंने उपस्थित कांग्रेसजनों एवं आम नागरिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, भारतीय संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है।



उन्होंने कहा कि, कांग्रेस पार्टी सदैव संविधान की रक्षा एवं आमजन के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है,और आगे भी लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। कार्यक्रम में कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### नपा अध्यक्ष जालान ने विभिन्न स्थानों पर किया ध्वजारोहण



**पेंड्रा।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पेंड्रा नगर में हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने नगरपालिका कार्यालय, जिला प्रेस क्लब, ईदगाह चौक, बजरंग चौक एवं तेंदूपारा में विधिवत ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया, जिससे समूचा वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। कार्यक्रम में नगर पालिका के पार्षद, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, कर्मचारी एवं वरिष्ठ समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस समारोह के अंतर्गत नगर के विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### जमुनाही स्कूल के बच्चों में दिखा उत्साह



**लोरमी।** शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही में गणतंत्र दिवस ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच रामनाथ साहू ने ध्वजा रोहण किया। इस अवसर पर सरपंच रामनाथ साहू, शाला प्रबंध अध्यक्ष मया राम निषाद, रमेश निषाद, राजेंद्र साहू, समेलाल, प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी, शिक्षिका लक्ष्मी ध्रुव, रामकुमारी साहू, ललिता साहू, जलेश्वरी निषाद, त्रिभुवन साहू सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इसी तरह शासकीय उमा विद्यालय डोंगरिया में गणतंत्र दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया,जहां सरपंच प्रतिमा रंगनाथ श्रीवास ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर शंकरलाल खत्री अध्यक्ष शाला विकास समिति, संदीप सोनी भाजपा युवा मोर्चा, नागेंद्र पटेल जनपद सदस्य, सुरेश शुक्ला प्राचार्य आदि मौजूद थे।

### कर्मचारियों व छात्रों ने ली मतदान की शपथ



**बिल्हा।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में राष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गईं, जिनका उद्देश्य युवाओं में मतदाता जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठाता डॉ तोरल लाल साहू के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने मतदान करने की शपथ ली और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर सभी प्राध्यापक सुरेश कुमार, पुष्पांजलि पंकज, डॉ राकेश गिरी गोस्वामी, डॉ संध्या साहू, डॉ मकसूदन वर्मा, डॉ मुकेश पटेल, डॉ रोहित सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आज का दिन इतिहास में अत्यंत गौरवपूर्ण



**बिल्हा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएन पांडेय ने झंडा फहराया। उन्होंने कहा कि, यह दिन हमारे देश के इतिहास में अत्यंत गौरवपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ और हमारा देश एक संपूर्ण गणराज्य बना। हमारा संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है। गणतंत्र दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि, देश की असली शक्ति उसके नागरिक होते हैं। इस अवसर पर चंद्रप्रताप तिवारी सरपंच गोढ़ी, बृजभूषण वर्मा, विनोद वर्मा, कमल गर्ग पत्रकार सहित अन्य पदाधिकारी तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## तखतपुर नगर के विभिन्न संस्थानों व कार्यालयों में किया गया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

### शहीद स्मारक पर जाकर किया देश के वीर सपूतों को याद



गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतिष्ठानों संस्थानों एवं कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। शहीद स्मारक में पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ ने ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, गणतंत्र दिवस का पर्व हमें इस बात की याद दिलाता है कि हम सभी आज के दिन अपनी देश के लिए एक सूत्र में जुटकर काम करने का संकल्प लिया था। कार्यक्रम का संचालन मिथिलेश यादव एवं आभार प्रदर्श राजू ठाकुर ने किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़, आतमजीत सिंह मक्कड़, उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, नगर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र निर्मलकर, अनुपमा अभिषेक पाण्डेय, सुरेश ठाकुर, सुनील जांगड़े, जसप्रीत रमन हूरा, बिहारी देवांगन, चंद्र प्रकाश देवांगन, परमजीत हूरा, पूजा बबलू गुप्ता, मुन्ना श्रीवास, मुकीम अंसारी, अजय सिंह ठाकुर, घनश्याम जांगड़े, बसंत गुप्ता, मिर्जा बेग, जितेंद्र राज, राजू ठाकुर, शहजादा खान, विमला जांगड़े, रानी देवांगन सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सेवादल ने किया ध्वजारोहण

कांग्रेस सेवा दल ने गांधी चौक पर कार्यक्रम का आयोजन किया, जहां नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शैलेंद्र निर्मलकर ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप ताम्रकार एवं आभार प्रदर्शन राधे देवांगन ने किया।

### नगर पालिका में ध्वजारोहण

नगर पालिका में कांग्रेस नेता अजय सिंह ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़, नपा अध्यक्ष पूजा मक्कड़, उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, सीएमओ अमरेश सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मंडी में ध्वजारोहण

कृषि उपज मंडी में विधायक प्रतिनिधि अमित मंदानी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर निक्की चौबे, अनुपम बंसल, किशोरी अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, अजीत संतानी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### व्यवहार न्यायालय

व्यवहार न्यायालय में न्यायाधीश रिचा यादव ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अशोक ठाकुर, सत्येंद्र जायसवाल, विवेक पाण्डेय, अजय सोनकर, पारथ सिंह ठाकुर, दुर्गा ठाकुर, विक्की यादव, भारत तोलानी, सतीश कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे। एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र व आरक्षी केंद्र में ध्वजारोहण
किया गया।

### जनपद पंचायत

जपं में जनपद अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सीईओ सत्यव्रत तिवारी, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, प्रमोद ठाकुर, बबीता देवी जांगड़े, जया जलेश्वर साहू, संजीता टाण्डे, रंजना कौशिक, रिषभ कश्यप, मनहरण कौशिक, रामकुमार सिंगरौल, लक्ष्मी बाई, दुर्गा साहू, रामचरण वस्त्रकार, गेंद लाल साहू, अजय यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।